इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा


आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 214 | राजनांदगांव, रविवार 22 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

APEX SUPER SPECIALITY HOSPITAL
राजनांदगांव का एक मात्र क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा...
07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall, Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)

## विशाखापट्टनम में पीएम मोदी बोले-दुनिया में बढ़ रहा तनाव, योग शांति का रास्ता



191 देशों में 1,300 जगह कार्यक्रम, कश्मीर में चिनाब ब्रिज, आंध्र में शिप पर योग; देश में 1 लाख से ज्यादा जगहों पर हुए प्रोग्राम

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) में 3 लाख लोगों के साथ योग किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा-जुड़ना ही योग का सीधा सादा अर्थ होता है। यह देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। दुर्भाग्य से पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। आइए हम योग को एक जन आंदोलन बनाएं। जो विश्व को शांति स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए।

### योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा

पीएम मोदी ने कहा-योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं।

### योग से शांति की दिशा मिलती है

पीएम मोदी ने कहा-आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है।



### योग ने विश्व का जोड़ा है

पीएम मोदी ने सबसे पहले देश और दुनिया के सभी लोगों को इंटरनेशनल योग डे की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा-आज 11वीं बार पूरा विश्व 21 जून को एकसाथ योग कर रहा है। योग का सीधा सादा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व का जोड़ा है।

ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। योग उस पॉज बटन की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें। मैं विश्व समुदाय से एक आग्रह करूंगा कि जहां योग सिर्फ पर्सनल प्रैक्टिस न रहे बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बने। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं।

### मी टु वी का भाव भारत की आत्मा का साथ है

पीएम मोदी ने कहा-जब जनता लक्ष्य को थाम लेती है तो उस लक्ष्य की प्राप्ति से हमें कोई रोक नहीं पाता। आपके प्रयास यहां इस आयोजन में नजर आ रहे हैं। साथियों मी टु वी का भाव भारत की आत्मा का साथ है। जब व्यक्ति अपने हित से ऊपर उठकर समाज की सोचता है तभी पूरी मानवता का हित होता है। भारत की संस्कृति हमें सर्वे भवंतु सुखनः रही है।

### मैंने 10 प्रतिशत ऑयल कम करने का प्रस्ताव रखा था

पीएम मोदी ने कहा मैं योग दिवस पर ओबेसिटी की तरफ सभी का ध्यान दिलाना चाहूंगा। बढ़ती ओबेसिटी दुनिया के लिए चैलेंज है। मैंने मन की बात में भी इस पर विस्तार से चर्चा की थी। मैंने अपने खानपान में 10 फीसदी ऑयल कम करने का प्रस्ताव रखा था। आइए हम योग को एक जन आंदोलन बनाएं। जो विश्व (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय ने जशपुर में किया योग, बोले-देश के लिए नई बात नहीं, ऋषि मुनियों ने किया इजाद

जशपुर। अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरी दुनिया योग कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापत्तनम में तीन लाख लोगों के साथ सामूहिक योग किया। पूरे देश में आज साढ़े तीन लाख से भी ज्यादा जगहों पर सामूहिक कार्यक्रमों के ज़रिये योग दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी योग दिवस मनाया गया और सीएम साव समेत प्रदेश के दिग्गजों और आम लोगों ने योग किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जिला मुख्यालय जशपुर में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा की योग हमारे देश के लिए कोई नई विधा नहीं है। सनातन काल से योग हमारे जीवन में चला आ रहा है। हमारे ऋषि मुनियों ने इसका इजाद किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर योग की महत्ता को स्थापित किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में वर्ष 2014 में आवाज उठाई और इसे विश्व स्तर पर स्वीकृति दिलाई। वर्ष 2015 से प्रति 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। हम सब लोगों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा सहित 175 देशों में योग की आवाज गूंज रही है।



साय ने कहा कि सभी लोग योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें। योग से मन और आत्मा संतुलित रहता है। दिन-रात के 24 घंटे में से कुछ समय योग के लिए जरूर निकाले। इससे बड़ी-बड़ी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। शरीर स्वस्थ रहने के साथ ही भविष्य में बीमारियां होने की संभावना भी नहीं रहती। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में दवाई की जरूरत पढ़ने पर जेनेरिक दवाइयां के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह भी एलोपैथिक दवाइयां जैसे ही असर करती हैं। इनका दाम बहुत कम होता है। गरीबों की पहुंच की सीमा में और ज्यादा फायदेमंद है। इसका उपयोग जरूर सभी करें। बड़ी संख्या में बच्चे भी आज के योग कार्यक्रम में शामिल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### नालंदा परिसर का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने आज नालंदा परिसर का भूमि पूजन भी किया। 500 सीटर इस परिसर की लागत 11 करोड़ 29 लाख रुपया है। 2 एकड़ में या बनेगा। इसमें गार्डन भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को परिसर का ज्यादा लाभ मिलेगा। अब जागरूकता के कारण गांव और गरीब लोग भी बड़े-बड़े परीक्षा दे रहे हैं और सफल भी हो रहे हैं। सब लोग बड़े शहर आकर पढ़ाई नहीं कर सकते। इसलिए राज्य सरकार ने सभी जिला मुख्यालय व बड़े शहरों में नालंदा परिसर का निर्माण का जिम्मा लिया है।

## सोनिया बोलीं - ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही : इजराइल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए, अभी देर नहीं हुई

नई दिल्ली। कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है।



उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है।

सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजराइल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है।

गाजा पर हमले की तरह यह इजराइली ऑपरेशन भी क्रूर और एकतरफा है, जो आम नागरिकों की जान और क्षेत्रीय स्थिरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए चलाया गया। ऐसे कदम सिर्फ अस्थिरता को बढ़ाते हैं और आगे आने वाले समय में बड़े संघर्ष के बीज बोते हैं।

यह हमला उस समय हुआ जब ईरान-अमेरिका के बीच कूटनीतिक बातचीत जारी थी और इसके अच्छे संकेत भी मिल रहे थे। इस साल पांच दौर की बातचीत हो चुकी है और जून में छठे दौर की बातचीत होनी थी। मार्च में ही अमेरिका के नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अहमदाबाद विमान हादसे के बाद 3 अधिकारियों को नौकरी से निकालेगा एयर इंडिया, लगे गंभीर लापरवाही के आरोप



अहमदाबाद। अहमदाबाद विमान हादसे में कम से कम 297 लोगों की मौत के बाद डीजीसीए ने एयर इंडियो को तीन लापरवाह अधिकारियों को नौकरी से निकालने का आदेश दिया है। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान 12 जून को टेक ऑफ के कुछ सेकेंड बाद हादसे का शिकार हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार 242 में से 241 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, जिस इमारत से विमान टकराया था, उसमें मौजूद कई लोग भी मारे गए।

एयर इंडिया ने खुद ही जानकारी देते हुए तीनों अधिकारियों की लापरवाही का खुलासा किया था। इसके बाद डीजीसीए ने तीनों को नौकरी से निकालने का आदेश दिया है। तीनों वरिष्ठ अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही दोहराने के आरोप हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

### अधिकारियों ने क्या लापरवाही की?

एयर इंडिया की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार इन अधिकारियों ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। विमान में ड्यूटी लगाने से पहले सभी क्रू मेंबर का लाइसेंस जांचा जाता है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यात्रियों के आराम और उन्हें तरोताजा करने के लिए भी जरूरी चीजों का ध्यान नहीं रखा गया था। एविएशन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम और क्रू मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा के दौरान लापरवाही का खुलासा हुआ। एयरलाइंस एविएशन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम एक एकीकृत प्रणाली है, जिसका उपयोग एयरलाइंस क्रू प्रबंधन के लिए करती हैं।

### डीजीसीए ने क्या कहा?

डीजीसीए ने 20 जून को आदेश जारी कर कहा, स्वैच्छिक खुलासे चालक दल की शेड्यूलिंग, निगरानी और आंतरिक जवाबदेही में विफलताओं की ओर इशारा करते हैं। विशेष रूप से चिंता की बात यह है कि इन गलतियों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का अभाव है। डीजीसीए ने तीन अधिकारियों को सीधे तौर पर जवाबदेह माना है। प्रभागीय उपाध्यक्ष चूरा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग परिचालन निदेशालय में मुख्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लड़कियां कर रही गांजा तस्करी, 2 युवतियों समेत 4 गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर में गांजा तस्करी का एक मामला सामने आया है, जिसमें न केवल पुरुष आरोपी बल्कि दो युवतियां भी नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त पाई गई हैं।



शहर के तेलघानी नाका चौक स्थित मालधक्का रोड के पास पुलिस ने 23 किलो 110 ग्राम गांजा के साथ 4 आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में दो युवतियां भी शामिल हैं। यह गंज थाना क्षेत्र का मामला है। जानकारी के अनुसार, 19 जून को गंज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चार संदिग्ध दो युवक और दो युवतियां अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर मालधक्का रोड पर बिक्री के इरादे से खड़े हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एटीएस और गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम श्याम तांडी, शिवा बघेल, निशा बग्गा, ईशा बग्गा होना बताया। जब टीम के सदस्यों ने उनके पास मौजूद दो ट्रॉली बैग और दो पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो उन्हें हरे रंग के पॉलीथीन के अंदर गांजा के 23 पैकेट मिले।

ईसीआई ने राहुल गांधी की मांग ठुकराई:

## वोटिंग से सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने से इनकार; कहा- मतदाता गोपनीयता का उल्लंघन

नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 के दौरान विपक्षी दलों (राहुल गांधी) द्वारा मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांग पर चुनाव आयोग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। आयोग ने इस मांग को मतदाताओं की निजता और सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए खारिज कर दिया है।




चुनाव आयोग ने शनिवार, 21 जून को एक बयान जारी कर कहा, मतदान केंद्रों पर लगे CCTV कैमरों और वेबकास्टिंग की फुटेज को सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951 के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के खिलाफ है। आयोग के अधिकारियों ने दावा किया कि इस तरह की फुटेज से यह पता लगाया जा सकता है कि किस मतदाता ने मतदान किया और किसने नहीं। इससे मतदाताओं पर सामाजिक, राजनीतिक या मानसिक दबाव डाला जा सकता है। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, फुटेज सार्वजनिक करने से असामाजिक तत्व मतदाताओं को पहचान सकते हैं। इससे उनकी सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों को खतरा हो सकता है।

### 45 दिनों तक सुरक्षित रहती है रिकॉर्डिंग

चुनाव आयोग ने बताया कि मतदान प्रक्रिया की वीडियो फुटेज को केवल 45 दिनों तक सुरक्षित रखा जाता है। यह अवधि इसीलिए तय की गई है क्योंकि किसी भी चुनाव को चुनौती देने के लिए अधिकतम यही समय निर्धारित है। यदि इस अवधि के भीतर चुनाव याचिका (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इजरायल ने इस्फहान न्यूक्लियर साइट पर फिर किया हमला, IDF बोला- 50 फाइटर जेट्स ने बरसाए बम

नई दिल्ली। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच इजरायली सेना ने एक बार फिर ईरान की इस्फाहन न्यूक्लियर साइट पर हमला किया है। इससे पहले तेहरान ने देर रात मध्य इजरायल में बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। 13 जून को इजरायल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के परमाणु और सैन्य दोनों की ढांचों को निशाना बनाया गया था।



इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के मुताबिक, ईरानी ठिकानों पर बमबारी में लगभग 50 लड़ाकू जेट शामिल थे। हालांकि, ईरानी राज्य से संबंधित फार्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि कोई खतरनाक सामग्री का रिसाव नहीं हुआ। इस्फहान ईरान के परमाणु कार्यक्रम में केन्द्रीय भूमिका निभाता है, जहां एक यूरेनियम रूपांतरण सुविधा और एक परमाणु ईंधन निर्माण संयंत्र स्थित है। एक इजरायली अधिकारी ने एएफपी को बताया, हमने अपने अभियान के पहले 24 घंटों में इस्फहान को निशाना बनाया, लेकिन हमने रात में वहां हमलों की दूसरी सीरीज को अंजाम दिया, जिससे हमारी उपलब्धियां बढ़ गई और प्रतिष्ठान को नुकसान भी पहुंचा। उन्होंने ये भी बताया कि हाल के दिनों में कुछ और ठिकानों पर भी हमला किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बार-बार हमलों से ईरान की सेंट्रीफ्यूज उत्पादन क्षमताओं को गहरा झटका लगा है। यूरेनियम को समृद्ध करने में सेंट्रीफ्यूज बहुत ज़रूरी हैं। वे (शेष पृष्ठ 6 पर...)


### ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने चुने अपने उत्तराधिकारी, लिस्ट में बेटे का नाम शामिल नहीं

ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनाई ने अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसके मुताबिक, अली खामेनेई ने अपने उत्तराधिकारी के लिए तीन लोगों का नाम बढ़ाया गया है। रिपोर्ट में ये भी कहा जा रहा है कि इन तीन लोगों में अली खामेनेई का बेटा मोजतबा शामिल नहीं है। इजरायल के हमलों के बीच खामेनेई बंकर में छिपे हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि उन्हें पता है कि खामेनेई कहां छिपे हुए हैं, लेकिन वह अभी नहीं मारेंगे। वहीं इजरायल (शेष पृष्ठ 6 पर...)



शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरूण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

|| ॐ शांति ||
"चार पीढ़ियाँ संग चली, साधना बने श्रृंगार, संघ, समर्पण, स्नेह से, जैन कुल हो जयकार।"
|| शांति मिलन ||



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्री सोनराज जी गोलछा
(सुपुत्र : स्व.श्री चम्पालाल जी गोलछा)
का स्वर्गवास दि.14 जून 2025, शनिवार को हो गया था।
जिनका शांति मिलन दि. 22 जून 2025, रविवार को रखा गया है।
विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं।
शांति मिलन
रविवार दिनाँक 22 जून 2025
समय-प्रातः 11 बजे से
कार्यक्रम स्थल : 'जैन बगीचा' सदर बाजार, राजनांदगांव
शोकाकुल
गौतमचंद जी, लालचंद जी, रतनलाल जी, प्रकाशचंद, रमेशचंद, धरमचंद, नरेन्द्र, प्रवीण, रूपेश, राजेश, विकास, संकेत, अंकुर,अभिषेक, मधुर पार्श्व, गौरव, सिद्धम, सोहम एवं समस्त गोलछा परिवार
संस्थान :
• गोलछा वस्त्रालय एवं ज्वेलर्स • शिलान्यास एसोसिएट्स
• गोलछा एण्ड कंपनी (CA) • फैशन स्टोर
मो.: 9826113071, 9893200449
कृपया इसे ही सूचना मानें

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिग्विजय स्टेडियम में योग की बिखरी छटा

## आईजी, कलेक्टर, एसपी एवं जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी/कर्मचारियों हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में जिले के आईजी, एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियो व जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर योगाभ्यास किया और भारत के प्राचीन ऋषि-मुनियों की देन योग के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। योग दिवस के अवसर पर शहर की जागरूक महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए योग के प्रति अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न आसन में योग करते हुए लोगों की आकर्षक मुद्राओं वाली छटा बिखरी रही।

### बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे हुए शामिल

योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में जहां स्कूल बच्चों की भी भागीदारी रही। वहीं युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों के द्वारा सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और प्राणायाम जैसे विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया गया। वहीं योग के संबंध जानकारी देते हुए में बताया गया कि शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए योगाभ्यास किया जाना अति आवश्यक है। इससे निरोगमयता बनी रहती है।

### थाना/चौकियों में बिखरा योगाभ्यास का जलवा

शनिवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम में सामूहिक रुप से योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर मधुसूदन यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधिक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। योग दिवस आयोजन में शहर की महिलाओं की भी खासी उपस्थिति रही। वहीं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, स्टाफ कर्मियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्ण भाग लेकर योग दिवस को और भी महत्वपूर्ण बनाया।

# महापौर शहर के विभिन्न आयोजनों में हुए शामिल

**0 विज्ञान महाविद्यालय एवं कृषि उपज मण्डी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में वृक्षों की रक्षा करने संकल्प लेने महापौर ने की अपील**

**0 लखोली स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में महापौर यादव ने विद्यार्थियों को सायकिल एवं कापी पुस्तक का किया वितरण**



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव आज शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। महापौर ने जहां शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय एवं कृषि उपज मण्डी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर वृक्षों की रक्षा करने अपील किए। वही उन्होंने लखोली स्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को साईकल व कॉपी पुस्तक का वितरण कर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।

महापौर मधुसूदन यादव विज्ञान महाविद्यालय एवं कृषि उपज मण्डी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में कृषि उपज मण्डी के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा तथा पार्षदों के साथ पौधरोपण कर उसकी रक्षा करने उपस्थितजनों से अपील किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करने के साथ-साथ उसकी रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। आज के 21वीं सदी के युग में उद्योग धंधे तथा कालोनियों के लिए जिस अनुपात में वृक्षों की कटाई हो रही है उस अनुपात में वृक्ष नही लग पा रहे है, इसी का परिणाम है कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है, जो हमारे भविष्य के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको एक होकर वृक्षारोपण महा अभियान चलाना है और जब तक पौधे वृक्ष का रूप न ले तब तक उसकी रक्षा करनी है।

महापौर ने लखोली स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पार्षदों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित होकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में पढ़ाई का बहुत महत्व है। आज गॉव-गॉव के बच्चे अच्छी पढाई कर उच्च स्थान प्राप्त कर रहे है। सरकार भी उन्हें प्रोत्साहित करने शासकीय स्कूलों में निजी स्कूलों की तरह सुविधाएं दे रही है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएमश्री योजना लाए है जिसमें बच्चों को आज के परिवेश के आधार पर पढाई कराई जाएगी, जहॉ गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों की पढाई के स्तर जैसे अध्ययन करेगे। महापौर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को साईकल एवं कापी पुस्तक का वितरण किया।

# हनुमान सेवा समिति ने प्रमुख मंदिरों में चढ़ाया पीतल का गद्दा, भक्तों में उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। शहर की हनुमान सेवा समिति द्वारा धार्मिक आस्था और सेवा भाव से प्रेरित होकर एक प्रशंसनीय कार्य किया गया। समिति ने संरक्षक नीलू शर्मा, अध्यक्ष, पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में शहर के प्रमुख हनुमान और अन्य मंदिरों में पीतल का गद्दा च?ाने का पुनीत कार्य किया। यह आयोजन पूरे श्रद्धा और समर्पण के साथ संपन्न हुआ, जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति द्वारा शीतला मंदिर, इमाम चौक मंदिर, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक हनुमान मंदिर, गंज चौक हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड, स्टेडियम चौक हनुमान मंदिर और दिग्विजय कॉलेज मंदिर में पीतल का गद्दा चढ़ाया गया।

समिति ने बताया कि शेष बचे मंदिरों में भी शीघ्र ही यह कार्य पूर्ण किया जाएगा, जिससे सभी प्रमुख मंदिरों में एक समान धार्मिक सौंदर्य और श्रद्धा का भाव प्रकट हो सके। इस सेवा कार्य में समिति के प्रमुख सदस्य शिव वर्मा, मनोज वर्मा, भोला सोनू परिहार, नीलेश पटेल, राजू वर्मा, शिवम देवांगन, कुंदन साहू, संदीप रविंद्र देवांगन, राकेश वर्मा, नरोत्तम साहू, दीपक देवांगन, अमित चौहान, दीपक साहू, रमेश साहू, रोशन देवांगन, शौर्य शर्मा, सुनील वर्मा, छोटू मानिकपुरी, करणपाल और धर्मेंद्र यादव सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समिति के इस कार्य को स्थानीय नागरिकों ने भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने समिति के सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे आस्था और समाज सेवा का संगम बताया। हनुमान सेवा समिति ने संकल्प लिया है कि आगे भी धार्मिक और सामाजिक कार्यों को निरंतरता के साथ किया जाएगा। समिति का उद्देश्य केवल मंदिरों की सेवा करना ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकजुटता का संचार करना है।

# 'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' योजना : हितग्राही 30 जून तक ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार राज्य में 'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 81 लाख 56 हजार राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डों में 2 करोड़ 73 लाख सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से 2 करोड़ 35 लाख सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है। 38 लाख सदस्यों का ई-केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दी गई है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते है। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डों में पंजीकृत हितग्राही जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून 2025 तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने कहा गया है।

# युगांतर में इंटरनेशनल योगा डे मनी



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल योगा डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका तथा योग प्रशिक्षक वंदना सिंह ने बताया कि योग हमारे मन और शरीर दोनों को सुंदर बनाता है। जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने से व्यक्ति लंबे समय तक सुखी निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराने से पहले हाथ-पैर की विविध गतिविधियां कराकर शरीर को स्ट्रेच कराया। इसके बाद उन्होंने पर्वतासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, सुखासन, शलभासन आदि आसनों को प्रमुखता के साथ अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग में सैकड़ों आसन है। हम इनमें से कुछ चयनित आसनों के अभ्यास से स्वास्थ्यवर्धक जीवन जी सकते हैं। उन्होंने स्वांस से जुड़े विविध प्राणायाम का अभ्यास कराया। इनमें अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम प्रमुख रहे। उन्होंने कहा कि इन योगासनों के नियमित अभ्यास से हम अपने फेफड़ों और हृदय को मजबूत कर सकते हैं। यही नहीं विद्यार्थी अपनी स्मरण शक्ति को भी इनके नियमित अभ्यास से बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने विविध थैरेपी की उपयोगिता दर्शाते हुए बताया कि इसे अपनाने से हम उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस सन्दर्भ में उन्होंने क्लेपिंग तथा लाफिंग थेरेपी की प्रभावी जानकारी दी। स्पोर्ट्स तथा कम्प्यूटर विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं, संगीत तथा कला शिक्षक ने योग प्रभारी वंदना सिंह के मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन में यहां के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में संस्था के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करते हुए प्रातः कालीन सुमधुर वातावरण के बीच योगा डे को यादगार बना दिया। संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने इन्टरनेशनल योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वास्थ्यवर्धक जीवन की कामना की है।

# आवास प्लस सर्वे सूची में नाम जोड़ने 26 तक अतिरिक्त समय

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में छूटे हुये पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ प्रदान किये जाने आवास प्लस में नाम जोडने वर्ष 2025-26 के लिए सर्वे करने ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है। केन्द्र सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आवास प्लस सर्वेक्षण की समय-सीमा में वृद्धि करते हुए 26 जून तक कर दिया गया है। आवास प्लस मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए शेष छुटे हुए परिवार निर्धारित समय तिथि में स्वयं या ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक से संपर्क कर करा सकते है।

राजनांदगांव जिले के सभी विकासखण्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत सभी पात्र परिवारों के सर्वे का कार्य 12 जनवरी से आवास प्लस ऐप के माध्यम से प्रगणक एवं स्वयं द्वारा पात्र परिवार Face authentication सहित आवास प्लस के update latest version w.v.| के website https://pmayg-nic-in/infoapp-html एवं ýAdhaar Face RD (Play Store) से अपलोड अंतिम तिथि 15 मई तक किया गया था। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण हेतु राजनांदगांव जिले के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में 15 मई के बाद अगर किसी भी पात्र परिवार का सर्वे नहीं हुआ है तो वे प्रगणक या ग्राम पंचायत के सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे अंतिम तिथि 26 जून तक करा सकते है।

# बजरंगपुर-नवागांव स्कूल में छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया



राजनांदगांव(दावा)। नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ में शासन के आदेशानुसार नगर के स्थानीय बजरंगपुर नवागांव हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश साहू, पार्षद वार्ड क्र.2 सावन वर्मा एवं अतिथियों ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना किये विद्यार्थीयों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं पुस्तक वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थीयों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से नियमित शाला आकर नियमों का पालन करते हुए अनुशासन में रहकर लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करके अच्छे अंको से सफलता प्राप्त करने कहा। सभी छात्र- छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्यगण, सरिता यादव, उषा वर्मा, पूर्णिमा यादव, लेखचंद साहू, खेमलाल साहू, उमेन्द्र सोनकर, अनिल साहू, नंदलाल साहू, अफजल खान, प्राचार्य ममता झा, सुरेन्द्र साहू एवं स्कूल के शिक्षक- शिक्षकाएँ उपस्थित रहे, उक्त जानकारी योगेश साहू ने दी।

# खेलो इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चार बालिकाओं का चयन



राजनांदगांव (दावा)। शहर व जिले के लिए गौरव का क्षण है। जब चार बालिकाओं का चयन खेलो इंडिया अंडर-18 कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह चयन हाल ही में बिलासपुर में आयोजित चयन शिविर में हुआ। जिसमें जिले की प्रतिभाशाली बालिकाओं ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। चयनित बालिकाओं में कुमकुम उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनसरा, मीनाक्षी भामनी, धनेश्वर कंवर और प्यारेलाल ठाकुर उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव शामिल हैं। यह चारों खिलाड़ी 28 जून से 1 जुलाई तक हरिद्वार में आयोजित खेलो इंडिया अंडर-18 कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

कमला कॉलेज ग्राउंड में नियमित अभ्यास कर रहीं इन बालिकाओं को प्रशिक्षकों ललित साहू, संतोष देशमुख एवं व्यायाम शिक्षक तीरथ गोस्वामी और संजय मांडवी का विशेष मार्गदर्शन मिला। उनके चयन पर जिले भर में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष अशोक चौधरी, शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव, पूर्व जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव, सरपंच गौरी कृतलाल पटेल, पूर्व सरपंच पुनूराम पटेल, पूर्व सरपंच लोकेश गंगवीर तथा जिले के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इन बालिकाओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेलो इंडिया के मंच पर राजनांदगांव की बेटियां न सिर्फ अपने खेल से राज्य का नाम रोशन करेंगी। बल्कि अन्य बालिकाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

# सदा स्वस्थ रहने के लिए योगा के साथ राजयोग का भी अभ्यास करे - पुष्पा दीदी



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा विश्व योगा दिवस के अवसर पर ज्ञान मानसरोवर में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने कहा कि अपने व्यस्ततम दिनचर्या में कम से कम आधा घंटा शारीरिक योग के लिए अवश्य निकाले। इससे आप सदा स्वस्थ रहेंगे। साथ ही योगा के साथ साथ जीवन में राजयोग को भी शामिल करे जिससे मानसिक शांति की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर योगाचार्य डॉ रामभगत भाई ने सबको कपाल भाती, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम के साथ साथ त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन वज्र आसन पवन कुक्तासन के लाभ बताते हुए इसका अभ्यास कराया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ अनेक ब्रह्माकुमार भाई बहन उपस्थित थे।









# एनबीआईएस के लिए डोंगरगढ़, डोंगरगांव व टेड़ेसरा से अब सीधी बस सुविधा उपलब्ध




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में नये शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पालकों के आग्रह पर दूर -दराज के क्षेत्रों के लिए नियमित बस/परिवहन सुविधा शुरू की गई है।

डोंगरगढ़, डोंगरगांव व टेड़ेसरा से अब सीधी बस बोरी स्कूल हेतु उपलब्ध है। डोंगरगढ़ से बस भानपुरी, आलीवारा, हल्दी, इंदामारा, सुकुलदैहान, डिलापहरी होते बोरी स्कूल आयेगी। डोंगरगांव से बीटीआई रोड, साकेत धाम, मटियारोड, दिवानझिटिया, अर्जुनी, केंद्रीय विद्यालय, रेवाडीह से होते हुए स्कूल पहुंचेगी। इसी तरह टेढ़ेसरा से मुढ़ीपार, परमालकसा, भेड़किला होते हुए बोरी स्कूल आयेगी। यह नियमित बस सुविधा दूर दराज के क्षेत्रों में पालकों के आग्रह पर सुनिश्चित किया गया है। एनबीआईएस के लिए बस सुविधा पहले से ही राजनांदगाव सहित खैरागढ़, छुईखदान, जालबांधा, घुमका के बच्चों के लिए जारी है। एन बी ग्रुप ऑफ स्कूल्स में परिवहन सुविधा हेतु इस सत्र नई नौ बस एवं चार मैजिक को जोड़ा गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में एनबीआईएस में नर्सरी से बारहवीं तक की नियमित कक्षाओं का संचालन हो रहा है, जहां हायर कक्षा में विज्ञान, गणित, वाणिज्य के साथ इस सत्र से आर्ट्स/ ह्यूमैनिटी को भी जोड़ा गया है।

संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि शाला में इस सत्र से फिजिक्स वाला से अनुबंध करके पीडब्ल्यू की कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है, जिसमें कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं तक की नियमित पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पीडब्ल्यू के शिक्षकों के द्वारा करायी जाएगी। श्री बाजपेयी ने कहा कि यह सुविधा बच्चों तथा पालकों के हित को ध्यान में रखकर लिया गया है। अतः श्री बाजपेयी द्वारा पालकों से अनुरोध है कि संस्था द्वारा उपलब्ध करा रहें सुविधा का लाभ लेंवे।

# डीपीएस सैनिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल सैनिक स्कूल राजनांदगांव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन का सफल नेतृत्व विद्यालय के निदेशक रामदेव राठी श्रीमती सुषमा राठी एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में योग शिक्षिका श्रीमती मंजुला तिवारी एवं श्रीमती प्रतीमा चौधरी उपस्थित रही।

श्रीमती मंजुला तिवारी ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। यह न केवल हमें स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा भी प्रदान करता है। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से योग करने व इसे अपने जीवन का आवश्यक हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र202506094500024
अ/74 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेलाल पिता कन्हई जाति सतनामी, निवासी ग्राम भोथली, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव भोथली, तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव भोथली तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 1333/1, 1335 का रकबा क्रमशः 0.0450 हे., 0.1620 हे., 0.1620 कुल रकबा 0.2070 हे. भूमि स्थित है, जिसका ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 का सप्ताह पूर्व ग्राम बेलगांव से डोंगरगढ़ आते समय रातस्त में कहीं गुम हो गया है, जिसे आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कहीं प्राप्त नहीं हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, नक्शा, खसरा, आदेय प्रमाण पत्र, तलवाना फार्म, चालान की प्रति तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति पेश कर निवेदन किया गया है। अतःउक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 23.06.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। उपस्थित होकर पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 09.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**लाल बहादुर नगर**

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
689-3 770-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों के क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने आज शिक्षकों के क्षमता निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण और सफल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से आईं प्रतिष्ठित ट्रेनर श्रीमती याशी मिश्रा एवं डॉं चंद्रशेखर खानगर ने विद्यालय के शिक्षकों को विभिन्न समकालीन शैक्षिक विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। इनमें मुख्य रूप से बाल-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया। शिक्षकों को एकीकृत शिक्षण संसाधनों के उपयोग और शिक्षाशास्त्र तथा प्रौद्योगिकी के प्रभावी मिश्रण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साहित्य और भाषा के मिश्रण के माध्यम से शिक्षण को रुचिकर बनाने के तरीके भी सिखाए गए।

श्रीमती मिश्रा ने थीम आधारित पुस्तकों के उपयोग, खेल और गतिविधि आधारित शिक्षण के महत्व, तथा गतिविधि किटों के प्रभावी प्रयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। आर्ट इंटीग्रेटेड एजुकेशन तथा मल्टीपल इंटेलिजेंस के तहत ब्रेन स्टॉर्मिंग पर विशेष जोर देते हुए बच्चों से अधिक से अधिक बहुत अधिक प्रश्न पूछने पर ज्यादा जोर दिया गया है।

**खूब प्रश्न पुछिये बच्चों से**

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू बच्चों में आधारभूत साहित्य और संख्यात्मक कौशल विकसित करने में सहायक तकनीकों पर मार्गदर्शन था। शिक्षकों को समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड (प्रवीणता स्तर) तैयार करने के तरीके भी समझाए गए, जिसमें 'बीज अंकुरण-खिलना-फलना-विकास' की अवधारणा को शामिल किया गया था। इसके अतिरिक्त, साप्ताहिक योजना बनाने और ऑक्सफोर्ड मास्कॉट्स के उपयोग पर भी चर्चा की गई। ज्ञातव्य है कि यह स्कूल सीबीएसई द्वारा चयनित, एनईपी का मॉडल स्कूल है जहां बुनियादी योग्यता पर विशेष जोर दिया जाता है।

नर्सरी से कक्षा 5 तक के सभी शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसका भरपूर लाभ उठाया। स्कूल प्रशासन ने इस ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संसाधन व्यक्ति श्रीमती याशी मिश्रा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल ने बताया की फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सीबीएसई की आधारभूत इकाई है जिसने शाला को ट्रेन्डसेटर के रूप में आगे रखने में निर्णायक भूमिका अदा की है ।उन्होंने प्रबंधन का ऐसी कार्यशालाएं समय-समय पर आयोजित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया ।डॉ चंद्रशेखर ने शाला के संस्थापक डॉ जे बी सिंह सर के साथ बिताए स्वर्णिम पलों को याद किया तथा उन्हें महान शिक्षाविद बताया।

शाला की अध्यक्षा डाँ सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रबंधक प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई के वैष्णव ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पूजन पश्चात डॉ जे बी सिंह एवं पूज्य पप्पा, लाल शंकर बहादुर सिंह को प्रणाम कर एक मिनट की मौन श्रद्धांजलि के साथ आरंभ हुआ। अकैडमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल के मार्गदर्शन में सुश्री सरिता सिंह द्वारा संचालित संपादित किया गया जिसकी समस्त शिक्षकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की एवं नई-नई चीज सिखाने के लिए प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बीमा अस्पताल से कम्प्यूटर सेट चोरी करने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के बीमा अस्पताल में हुए कंम्पयूटर व प्रिंटर चोरी के आरोपियो को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन नग कम्प्युटर सेट एक प्रिंटर कीमत 4 लाख 83 हजार 862 रूपये को जब्त की है।

**आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल**

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि बीमा अस्पताल के डॉ. पवन कुमार ठाकुर पिता स्व. अर्जुन सिंह ठाकुर उम्र 63 वर्ष निवासी विवेकानंद नगर स्टेडियम वार्ड नं. 22 द्वारा 18 जून को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जून शाम 6 बजे से 18 जून को 7 बजे के मध्य शासकीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं औषधालय से अज्ञात चोर द्वारा 3 नग नये कम्प्यूटर व 1 नग प्रिंटर को चोरी कर लिया गया है।

प्रार्थी डाक्टर के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अप. 301/2025 धारा 331(4), 305 (ए), 3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आरोपियों को पकड़ने थाना कोतवाली एवं सायबर सेल पुलिस के सयुक्त रूप से टीम गठित की गई और आरोपी की पतासाजी हेतु घटना स्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया।

थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में मिले क्लू के आधार पर आरोपी राजेन्द्र राजपूत पिता स्व. भगत सिंह ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी ब्राम्हणपारा लकड़ी टाल के पीछे वार्ड नं 38, गणेश राजपूत उर्फ गोलू पिता गोपी राजपूत उम्र 37 वर्ष निवासी सिनेमा लाईन कृष्णा टाकीज वार्ड क्र. 24 को घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर कम्प्युटर सेट व प्रिंटर को चोरी करना स्वीकार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 नग नये कम्प्यूटर व 1 नग प्रिंटर को जप्त कर आरोपियों के खिलॉफ प्रर्याप्त अपराध सिद्ध सबूत पाये जाने से शनिवार 21 जून को उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

## पहला कॉलम...

# केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव ने 21 जून 2025, शनिवार को उत्साहपूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया, जिसमें प्राचीन अभ्यास के शरीर, मन और आत्मा के लिए गहन लाभों को अपनाया गया। छात्र, शिक्षक और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ एकत्रित हुए और अपनी सामूहिक भावना और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने एक प्रेरक संबोधन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने शारीरिक और मानसिक सामंजस्य को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञ योग प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों के माध्यम से मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों सहित लगभग 175 प्रतिभागी उपस्थित थे।

एक निर्देशित ध्यान सत्र ने प्रतिभागियों के बीच मन की शांति और आंतरिक शांति को बढ़ावा दिया। केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह एक शानदार सफलता थी, जो समग्र शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन श्रीमती प्रीति मनीष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


# ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट में पटाखा साउंड और तीन सवारी वालों पर किया कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। यातायात पुलिस अब ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ानेवाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती बरतना शुरू कर दी गई। शनिवार को शहर के कमला कालेज चौक पर पाइंट लगाकर ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से चालानी कार्रवाई किया गया। इस विशेष मुहिम के तहत खासतौर पर बगैर लाइसेंस बाइक चलाने वाले, तीन सवारी बैठाने वाले और बुलेट में पटाखा साउंड (अवैध साइलेंसर) का इस्तेमाल करने वालों पर चालान काटे गए। इसके अलावा कान फोड़ने वाले हॉर्न (कान फोडु हॉर्न) इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई।

ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई सड़क पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से की जा रही है। मौके पर कई बुलेट बाइक आदि भी जब्त की गई और चालकों को चेतावनी दी गई कि अगली बार ट्रैफिक नियम तोड़ते हुए पकड़ाए जाने पर और कड़ी सजा दी जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई का लोगों द्वारा सराहना की गई और कहा गया कि इस तरह के अभियान से सड़क पर शांति बनी रहेगी तथा हादसों में भी कमी आएगी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा कहा गया कि इस तरह के अभियान आगे भी चलता रहेगा।

# जिला न्यायालय में किया गया योगाभ्यास



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर के मंथन हॉल में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुषमा सावंत उपस्थित थी। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक होमिका साहू द्वारा विभिन्न योगा आसनों का अभ्यास कराया एवं उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योग व प्राणायाम को नियमित दिनचर्या में शामिल कर निरोगी व स्वस्थ रह सकते है। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीश, लीगल एड डिफेंस कौंसिल, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी, तृतीय व चतुर्थ कर्मचारी तथा पैरालीगल वालिंटियर्स शामिल हुए।

# वार्ड नं. 23 में 46 लाख रूपये की लागत से बनेगा नाली, नाला व रोड, महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने आज वार्ड नं. 23 में रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभात नगर में बारिश के समय पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है, जिससे निजात दिलाने नाला निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया। जिस पर शासन ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 31 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की, स्वीकृति अनुसार प्रभात नगर में नाला निर्माण के लिए आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जायेगा जिससे यहा के निवासियों को पानी भरान की स्थिति से निजात मिलेगी। इसी प्रकार वार्डो में विकास कार्य के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया। प्रस्ताव पर शासन स्वीकृति प्राप्त हुई, अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति के तारतम्य में वार्ड नं. 23 के लिए स्वीकृत राशि 15 लाख रूपये से सिंधी कालोनी में सीमेंटिकरण व नाली निर्माण के लिए भी आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी वार्डो में पार्षद की मांग अनुसार प्राथमिकता तय कर विकास कार्य कराये जा रहे है।

**महापौर ने कहा प्रभात नगर में बनेगा नाला, पानी भरान से मिलेगी मुक्ति**

आज वार्ड नं. 23 के प्रभात नगर में जगन्नाथ मंदिर के पास आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, राजा माखीजा (वार्ड पार्षद), सुनील साहू, डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद कमलेश बंधे, सुश्री तृप्ति पात्रे, मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, संदीप बघेल, श्रीमती प्रियंका पंकज कुरंजेकर, चन्द्रशेखर लश्करे, रवि सिन्हा, सतीश साहू, श्रीमती खेमीन राजेश यादव, शेखर यादव, चन्द्रकृत साहू, पूर्व पार्षद विजय राय, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, समाज के वरिष्ठ आवतराम तेजवानी व हरीश मोटलानी की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व प्रभात नगरवासियों ने महापौर सहित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता मुनेन्द्र साठिया सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# रेल्वे सुरक्षा बल ने घर से भागी नाबालिग लड़की को सुरक्षित परिजनों से मिलाया



राजनांदगांव (दावा)। माता पिता से किसी बात पर गुस्सा होकर घर से निकली नाबालिग लड़की को रेल्वे स्टेशन संदिग्ध अवस्था में देखकर रेल्वे सुरक्षा बल ने उसे उनके परिजनों से मिलाया। रेल्वे सुरक्षा बल निरीक्षक श्रीमती तरुणा साहू ने बताया कि रेसुब नागपुर मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के निर्देशन में स्थानीय रेल सुरक्षा बल पोस्ट द्वारा बच्चों की सुरक्षा हेतु 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' अभियान चलाया जा रहा है। इस के तहतबल द्वारा 19 जून को एक सराहनीय कार्य किया गया। श्रीमती साहू ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान नांदगांव रेल्वे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर एक नाबालिग बालिका को बिना किसी अभिभावक के संदिग्ध अवस्था में देखा गया। तब रेल सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी इंस्पेक्टर तरुणा साहू के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक डीबी मेश्राम और आरक्षक संजय चौहान ने उससे पूछताछ की तो ज्ञात हुआ कि वह अपने घर से बिना बताये अपने मां-बाप से गुस्सा होकर नागपुर जाने के उद्देश्य से निकली थी। उक्त बालिका को उचित परामर्श एवं संरक्षण देते हुए रेल सुरक्षा बल पोस्ट,लाया गया।

**रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म में संदिग्धावस्था में दिखी बालिका**

### नागपुर जाने के लिए निकली थी नाबालिग बालिका

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि बालिका थाना अंबागढ़ चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की निवासी है। बाल संरक्षण अधिनियमों का पालन करते हुए उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। जिस पर मोबाइल नंबर के माध्यम से बालिका के पिता से संपर्क हुआ, जो उसे लेकर अत्यंत चिंतित थे और स्थानीय स्तर पर तलाश कर रहे थे। तत्पश्चात 19 जून को उक्त बालिका के परिजन और माता-पिता पोस्ट पर पहुंचे। पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि के पश्चात बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और इस मानवीय कार्य हेतु रेल सुरक्षा बल, राजनांदगांव के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रीमती साहू ने बताया कि रेल सुरक्षा बल सदैव यात्रियों की सुरक्षा, विशेषकर बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है और आगे भी देता रहेगा तथा अपनी कर्तव्य निष्ठा का पालन सहित अपने संवेदन जन्य जागरूकता पूर्ण कार्य को अंजाम देते हुए बल रेल्वे यात्रियों की सुरक्षा में सदैव तेनात व तत्पर बना रहेगा।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास



राजनांदगांव (दावा)। 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम- 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' इस थीम के हिसाब से योग को वैश्विक रूप से बढ़ावा देना है व शारीरिक आत्मिक एवं मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी थीम के तहत ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रॉयल किड्स कॉन्वेंट के 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दिग्विजय स्टेडियम में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के समक्ष योगाभ्यास किया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया और योग के महत्व को समझा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस योग संगम कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया और योग के माध्यम से अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के महत्व को समझा।

स्कूल की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जेबी सिंह ने कहा, 'योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए और इसके माध्यम से अपने जीवन को स्वस्थ और सुखी बनाना चाहिए।' स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने कहा, 'आज के इस कार्यक्रम में हमारे विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह दिखाया और योग के महत्व को समझा हमें उम्मीद है कि वे आगे भी योग को अपने जीवन में शामिल करेंगे और इसके माध्यम से अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह जन्मेजय बहादुर सिंह श्रेयांश बहादुर सिंह बरसर आई.के.वैष्णव प्राचार्य एवं अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल श्रीमती एकता खंडेलवाल ने बच्चों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

# 4500 स्कूली बच्चों के साथ क्रीड़ा भारती ने मनाया योग दिवस



रायपुर (दावा)। ग्यारहवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य पर क्रीड़ा भारती रायपुर महानगर द्वारा आडवाणी स्कूल, बीरगांव में शानदार योग अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बीरगांव के विभिन्न स्कूलों से 4500 बच्चे एवं नागरिक शामिल हुए।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसाद महानकर ने बताया कि योग भारत से ही निकला है, हमें योग को सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक ही सीमित नही रखना है बल्कि योग को हमे अपनी दैनिक दिनचर्या में भी शामिल करना है। उन्होंने बताया आसान करने से शरीर सुंदर और लचीला होता है और प्राणायाम से पवित्रा आती है, पूर्ण योग से शरीर, मन एवं बुद्धि का संतुलन होता है। आज का दिन सांकेतिक योग दिवस है परंतु सभी को अपने नित्य जीवन मे योग प्रतिदिन करना चाहिए और सभी आयु वर्ग समूह को इस दिशा में प्रेरित करना चाहिए।

मुख्य अतिथि प्रसाद महानकर राष्ट्रीय संगठन मंत्री, क्रीड़ा भारती संजय शर्मा, अध्यक्ष क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त, नीता डूमरे उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त, सुमीत उपाध्याय मंत्री क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त, श्रीमती हर्षा साहू सहमंत्री छत्तीसगढ़ प्रान्त, छगनलाल सोनवानी, सूर्य नमस्कार एवं योग प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रान्त, मुकेश सिरमौर (नोडल अधिकारी), सतीश यादव, क्रीड़ा भारती कार्यालय प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रान्त, रविन्द्र सिंह, जयंती पटेल जी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, ओमप्रकाश साहू (नेता प्रतिपक्ष), होरी लाल देवांगन (बीजेपी मंडल अध्यक्ष), वीरेंद्र देशमुख (मंत्री, क्रीड़ा भारती, रायपुर महानगर), नीरज शुक्ला सह मंत्री, रायपुर महानगर, सुश्री अन्नू देवी कंवर, सहमंत्री, रायपुर महानगर, कोष प्रमुख विशाल हियाल, रायपुर महानगर संयोजक प्रांजल श्रीवास्तव, क्रीड़ा भारती प्रशिक्षण प्रमुख राजा दुबे, भूषण साहू सह संपर्क प्रमुख, सोशल मीडिया प्रभारी रोमन पटेल, महानगर कार्यालय प्रमुख भूपेश पुष्पकार, रमन पटेल, सोशल मीडिया प्रभारी रायपुर महानगर, मोहित साहू (योग प्रमुख, रायपुर महानगर) एवं गोविंद शर्मा (मुख्य योग प्रशिक्षक), भरत बुन्देल, आशीष मिश्रा, संतोष सिंह, रिया मिश्रा, मोनील साहू, नेहा साहू, लक्ष्मी साहू, नेहा वर्मा, तेजश पांडे, राहुल शर्मा, अनीश कुमार चौहान आदि मौजूद थे। मंच संचालन वीरेन्द्र देशमुख के द्वारा किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होने वाले सभी बच्चों के लिए क्रीड़ा भारती रायपुर महानगर के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। सहभागी स्कूल में चंद्रा स्कूल, शंकरा स्कूल, आडवाणी आर्लिकन स्कूल, ईश्वर पब्लिक स्कूल, रायपुर पब्लिक स्कूल, मां मावली स्कूल, प्रताप पब्लिक स्कूल, श्री किड्स स्कूल, यशोदा स्कूल, जीसस स्कूल, श्री शिवम स्कूल, वेदांता स्कूल, प्रखर स्कूल, माँ बंजारी स्कूल, आश्रय स्कूल, विद्या मंदिर, ज्योति विद्या मंदिर, आदर्श स्कूल, गुरुकुल मंडल, गुरुकुल विद्यालय, जय सतनाम व्यायाम शाला (क्रीड़ा केंद्र) शामिल हुए।

सभी स्कूलों से 4500 प्रतिभागी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। साथ में बीरगांव से जनसामान्य ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# गुजराती स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' के लिए योग कार्यशाला सम्पन्न





राजनांदगांव (दावा) शहर में 1957 से संचालित अग्रणी संस्था गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर दीप प्रज्वलित के माध्यम से सरस्वती वंदना के पाठ के साथ किया गया।

तत्पश्चात संस्था के उपाध्यक्ष पवन पटेल ने अपने उद्बोधन में योग का जीवन में महत्व बताते हुए प्राणायाम और सूर्य नमस्कार को अपने जीवन का एक अंग बनाने पर जोर दिया। संस्था की एचओडी अर्पणा श्रीवास्तव ने हर बच्चों की निरोगी काया के लिए योग की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। आठवीं कक्षा की छात्रा कु. सिद्धि सेन ने अंग्रेजी में अपनी स्पीच देते हुए योग क्यों सभी बच्चों के लिए जरूरी है और उसके लिए कैसे समय निकाले और नियमित योगा कैसे करें यह बताया। छठवीं से आठवीं के बच्चों ने योगा स्टेप के साथ पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के योगा एवं कराते टीचर सुधा साहू व अनुसुईया साहू ने शाला के सभी बच्चों को पैतालिस मिनट तक योगा कराया।

उक्त योग अभ्यास में अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सेक्रेटरी सीए रूपम सोनछात्रा, कार्यकारणी सदस्यगण सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, अनिल पटेल सहित प्राचार्य तारिक लालानी व अन्य सदस्यगण, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित पालकगण भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षिका महेश्वरी सिन्हा ने दी।

## अनमोल दावा

> सफलता पाने के लिए आत्म-विश्वास जरुरी है, और आत्म-विश्वास के लिए तैयारी !

# भारत की अगली डिजिटल जनगणना (2027) से देश के भविष्य की तस्वीर सामने आएगी

आशा करनी चाहिए कि 2027 की जनगणना से देश की तस्वीर उभर कर सामने आए।आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 16 साल बाद हो रही पहली डिजिटल जनगणना की अधिसूचना जारी की। इससे पहले 2011 में जनगणना हुई थी। 28 राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, ओड़िशा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, पंजाब ,असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, बिहार, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और आठ केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, दमन द्वीप, नगर हवेली, चंडीगढ़ में 34 लाख कर्मचारी जनगणना करेंगे और यह विश्व का अब तक का सबसे बड़ा प्रशासनिक अभियान होगा। इस जनगणना में एक लाख तीस हजार ऐसे लोग या कर्मचारी होंगे। जो इसे डिजिटल प्रारूप में स्थापित करने का काम करेंगे। मार्च 2027 में इस जनगणना के परिणाम जारी किए जाएंगे। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक इस जनगणना में मकान, जमीन, पुरुष, स्त्री, अभय लिंगी, जाति, अनुसूचित जाति, जनजाति, जंगल, पेड़, स्कूल, माध्यमिक विद्यालय, शिक्षक, महाविद्यालय, अन्य शिक्षण संस्थान, मंदिर , मस्जिद, गुरुद्वारा, ब अन्य धार्मिक स्थानों, रीत रिवाजों शौचालय, नलकूप, नहरें, कुलाबे, कुएं, तलाब, झील, झरने, नदियां, नाले, सड़क, पगडंडी, पुल, अन्य बुनियादी ढांचे, मतदान केंद्र, सभी डिजिटल प्रारूप में स्थापित कर गिने जाएंगे। इसमें विधायक, सांसद, पंचायतों के पंच, सरपंच, नगरीय निकायों, पार्षदों, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री,मंत्री, राज्यपाल, राष्ट्रपति की गिनती होगी। पहली बार सरकार ने इसे उद्देश्य पूर्ण बनाया है। जनगणना हमेशा देश की दिशा और दशा तय करती है। इस जनगणना से जो परिणाम निकलेंगे। वह सरकार की योजना, प्रगति, सामाजिक संस्थाओं, बनियादी ढांचों को आवश्यकताओं को इंगित करेंगे। सरकार के समक्ष एक विकल्प होगा कि किस राज्य या प्रदेश में किस प्रकार की जरूरतें हैं। सामाजिक संस्थाओं में और समाज में किस राज्य में कौन कौन सी जातीय निवास करती हैं और वे कितने प्रतिशत में है। सरकार आगामी दिनों में इन आंकड़ों से आरक्षण, नौकरियों में, विश्व विद्यालयों, चिकित्सा सेवाओं,में कौन सी जातीय पीछे छूट गई। इसको भी तय कर सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों का अकड़ा भी सामने आएगा। आगामी जनगणना स्थाई मतदाता सूची भी बनाएगी जिसमें व्यक्ती या नागरिक की 18 वर्ष पूरी होने पर स्वचालित मतदाता सूची में शामिल होगा। यह प्रक्रिया गरीब, बीपीएल परिवार, खाद्यान्न उपलब्ध कराने का काम भी करेगा।

गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि जनगणना बहुआयामी और बहुद्देशीय होगी। इस जनगणना से बहुत से विवाद हल करने में सहायता मिल सकती है। विश्व में प्रत्येक देश में डिजिटल जनगणना हुई है और यह स्थाई है, इसी आधार पर सरकार की योजनाओं को लागू किया जाता है। जन जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, धर्म, समुदाय की गढ़ना होगी। जनगणना सांख्यिकी विशेषज्ञों का मत है कि भारत में अब तक हुए जनगणना से यह जनगणना व्यापक और बहुद्देशीय होगी। विशेषकर उन क्षेत्रों के लिए जो विकास में पीछे हैं। एक प्रकार से शोषित पीड़ित समाज के लिए महत्वपूर्ण आयाम प्रदान करने वाली है। अभी सरकार 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराती है, लेकिन स्टडी फॉर ह्यूमन राइट्स लन्दन में एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय भारत के हवाले प्रकाशित हुई है उसमें कहा गया है कि अभी भारत की जनसंख्या 140 बिलियन है और यह अनुमानित ही है। क्योंकि 2011 के बाद के कोई सार्थक प्रमाण नहीं है। स्टडी फॉर ह्यूमन राइट्स लन्दन ने कहा है कि भारत की वास्तविक जनसंख्या अनुमानित से कम हो सकती है। क्योंकि 2011 में जनगणना कागज पर केवल लोगों के व्यक्तिव या कथन से हुई थी, लेकिन अब सॉफ्वेयर दो बार किसी व्यक्ति की जानकारी आधार कार्ड के अनुसार ही स्वीकार करेगा। इस लिए जनसंख्या 1300 मिलियन भी हो सकती है। जनगणना में जीवन,मृत्यु भी दर्ज होगा। इससे जीवन और मृत्यु दर का बोध भी होगा। बताया जाता है कि 2050 में भारत की आबादी बढ़ना बंद हो जाएगी। क्योंकि प्रजनन दर 2.1 अभी है। अगर 1.9 तक गिरी तो मृत्यु दर बढ़ेगी और जन्म दर घटेगी ।समाज शास्त्री ओ के मुताबिक अभी 2030 के बाद वर्तमान मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी होगी क्योंकि 60,70,80, के दशक की जन्म वाली पीढ़ी क्रमशः 80,70,60 वर्षों के होगी।

# नारी शक्ति की डिजिटल उड़ान : तरक्की की नई परिभाषा

**सावित्री ठाकुर**

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरुआत हुई। तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में 'डिजिटल इंडिया मिशन' जैसे जन-केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है। विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं। वे महिलाएं जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं।

पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी, और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं, लेकिन 'डिजिटल इंडिया' मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53त्न से ज़्यादा महिलाएं हैं। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं।

2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो जेएएम ट्रिनिटी ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, ने भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहां करोड़ों महिलाओं के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के ज़रिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है।



### डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी

तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई-स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है। स्वयं और दीक्षा जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकें।

### डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल

एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाजार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन बीते वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई-हाट और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ने उन्हें एक उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने और अपना ब्रांड खड़ा करने का आत्मविश्वास दिया है।

### स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका

पोषण ट्रैकर, आरसीएच पोर्टल और ई-संजीवनी जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहाँ तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने ईआरएसएस-112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

### एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में महिलाओं की भागीदारी

एसटीईएम जैसे क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी कभी सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब हालात तेज़ी से बदल रहे हैं। विज्ञान ज्योति और बुद्धिमान-किरण योजना जैसी पहलें छात्राओं को एसटीईएम क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भारतीय महिलाएं अब अंतरिक्ष अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

### विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व क्रांति लाई है। 2014 से अब तक समावेशी नीतियों, योजनाबद्ध प्रशिक्षण और तकनीक की पहुँच के ज़रिए लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया गया है। अमृत काल की ओर बढ़ते भारत में यह परिवर्तन महिलाओं को केवल भागीदार ही नहीं, बल्कि विकास यात्रा की अगुवा बना रहा है। एक डिजिटल रूप से सशक्त महिला आज केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत की निर्माता है।

**चित्र विवरण: एआई द्वारा निर्मित चित्र**

**लेखिका महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री भारत सरकार है**

## लघु उपन्यास

# यशस्विनी (देह से आत्मा तक)
# अध्याय 5 : स्वर्णिम आभा

**- डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



योग साधना के ढीले ढाले वस्त्र पहनकर यशस्विनी साधना के हाल में पहुंची। यह एक बड़ा खुला स्थान था, जहां एक साथ लगभग 100 लोग ध्यान और योग का अभ्यास कर सकते थे। मंच पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगा हुआ था। ऊपर ग्रीन ट्रांसपेरेंट शीट लगी हुई थी, जिससे बारिश की स्थिति में भी साधकों के योगाभ्यास पर कोई असर न पड़े। मंच को इस तरह साइड मूविंग विंगों के साथ बनाया गया था कि अगर प्रोजेक्टर चालू कर सफेद पर्दे पर कोई दृश्य दिखाना पड़े या पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन की आवश्यकता हो तो तत्काल मंच पर रोशनी को एकदम हल्का किया जा सके और मंच पर काम लायक अंधेरा भी हो जाए।

इस बैच में 50 साधक थे और सब नियत समय प्रातः 6ः30 बजे अपना-अपना आसन ग्रहण कर चुके थे। यशस्विनी को देखते ही उन लोगों ने राधे-राधे कह कर उनका अभिवादन किया। मंच पर योगगुरु के आसन पर यशस्विनी विराजमान हुई। आज योग शिविर का पहला दिन था इसीलिए यशस्विनी ने सभी से उनका परिचय प्राप्त किया। सभी के चेहरे पर ऊर्जा और उत्साह साफ झलकता था।

आसमान में सूर्यदेव अभी अपने रथ पर सवार होकर प्रकट नहीं हुए थे लेकिन उनके आने की सूचना लाल कणों के बिखरे रूप में सारे आकाश में दृष्टिगोचर थी। ऐसा हो भी क्यों न सूर्य हमारे सौरमंडल के राजा हैं। एक राजा के आगमन के पूर्व जिस तरह उनके अनुचर आने की पूर्व घोषणा करते हैं, उसी तरह उषा सुंदरी ने आकाश में बिखरे रंगों को और चटख करते हुए सूर्य देव का अभिनंदन किया। योग शिविर में प्रार्थना के बाद यशस्विनी का संबोधन प्रारंभ होते-होते क्षितिज के एक कोने में भगवान दिवाकर मुस्कुरा उठे। ठीक उसी समय रोहित भी आ पहुंचे और विलंब से आने के कारण चेहरे पर किंचित ग्लानि भाव लिए अपने निर्धारित आसन पर आकर बैठ गए।

यशस्विनी के सामने इस बार नए साधकों का समूह है। ये किशोरों व युवाओं का समूह है। इसमें देश के विभिन्न भागों से इस विशेष योग सत्र के लिए एकत्र हुए साधक हैं। अनेक किशोर, किशोरियां व युवक-युवतियां इसी आश्रम के हैं। यशस्विनी मंच पर विराजमान है। यशस्विनी के योग वस्त्र पूरी तरह शालीन और गैरिक रंग के हैं। ऐसा लग रहा है, जैसे योग साधना ने स्वयं महायोगिनी का एक साकार रूप धारण कर लिया हो। स्फूर्तिमान चेहरे पर दमकता ओज, आत्मविश्वास से परिपूर्ण, हंसमुख, गेहुआँ रंग, स्वस्थ शरीर, लगभग 23 वर्ष की युवती।

यशस्विनी ने सबसे पहले योग प्रशिक्षार्थियों को योग की मूल अवधारणा समझाई। यशस्विनी ने कहना शुरू किया-योग का अर्थ है, जोड़ना। स्वयं से स्वयं को जोड़ने, स्वयं को समाज के अन्य लोगों से जोड़ने.... से होते हुए यह जोड़ना और संयुक्त होना एक दिन परम पिता परमेश्वर से स्वयं को जोड़ने तक जा पहुंचता है। योग भारत की प्राचीन पद्धति है। जिसके प्रमुख सूत्र हमें पतंजलि ऋषि के योग दर्शन में मिलते हैं। महर्षि पतंजलि ने कहा है- योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। वहीं महाऋषि कपिल के अनुसार मन के निर्विषय होने का नाम ध्यान है- ध्यान निर्विषयं।

एक अन्य साधक ने पूछाः योग की कौन-कौन सी प्रमुख विधियां हैं? यथास्विनी :- योग के प्रमुखतःचार पथ या मार्ग हैं।

राज योग, कर्म योग, भक्ति योग तथा ज्ञान योग।

प्रश्न :- क्या मैं इन बीस दिनों में योग साधना सीख जाऊंगा?

यशास्विनीः- सीखना आपके ऊपर है। मैं इस बात को सुनिश्चित नहीं कर सकती, इसलिए कोई आश्वासन भी नहीं दे सकती कि आप 20 दिनों के इस योग शिविर में संपूर्ण योग सीख जाएंगे। मुख्य रूप से हम यहां राजयोग अर्थात अष्टांगिक योग और उसमें भी विशेष रूप से प्राणायाम, सूर्य नमस्कार व अन्य आसनों की विधियों को सीखने का प्रयास करेंगे। भगवा रंग के योग पेंट्स और योग कुर्ते में सभी साधक एक साथ ज्ञान मुद्रा में बैठकर यशस्विनी और रोहित से संवाद कर रहे थे।

यशस्विनी ने कहा- सबसे पहले हम आंखें बंद कर चुपचाप बैठने और चित्त में निर्विकार होने का प्रयास करेंगे। मैं जानती हूं कि यह कठिन है, लेकिन हमें शुरुआत तो करनी होगी।

पूर्व दिशा से सूर्य की प्रथम रश्मियों के योग सभागार में फैलने के साथ ही जैसे पूरा वातावरण स्वर्णिम आभा से दीप्त हो उठा। सूर्य का यह प्रकाश जैसे सारे साधकों को एक ही रंग से सराबोर कर रहा था और यही प्रकाश इस सभागार में क्या बल्कि पूरी दुनिया में समाया हुआ है। हम मनुष्य हैं कि इस ईश्वरीय प्रकाश की एकता को सभी जड़ चेतन प्राणियों में एक सा महसूस नहीं कर पाते और कई तरह के विभेद की रेखाएं खींच लेते हैं। इससे आधुनिक दुनिया की अनेक समस्याएं उठ खड़ी होती हैं।

जब साधक प्रार्थना में मग्न थे तो माइक से अनायास

यशस्विनी के मुख से एक सुंदर मंगल कामना के बोल झरने लगेः-

हे ईश्वर,
प्रातः नयी सुबह लिए
आभा स्वर्णिम बिखरी हैं
किरणें सूर्य की कण-कण में।
तम दूर करो हमारे अंतस से
खुले ज्ञान चक्षु हमारे
पहुँचें आप के भावलोक में।
एक तत्व है सारे जग में
प्रेम हो कण-कण, जग बँधे इस डोर में।
जग यह, बने लोक आनंद का,
पीड़ा रहित हों मानव,
सब जीव हों नित सुख में।

सारे साधक आंखें बंद कर ध्यान लगाने का पहला प्रयास कर रहे थे लेकिन अनेक साधनों के शरीर हिल-डुल रहे थे। कुछ साधकों की आंखें बार-बार खुल और बंद हो रही थीं। यह देख कर मुस्कुराते हुए यशस्विनी ने माइक से कहा-होने दीजिएज.. मन में जितने विचार आते हैं आने दीजिए.... आज हम प्रारंभ कर रहे हैं। एक दिन में चित्त शांत नहीं होगा। इसके लिए घंटों, महीनों और कभी-कभी सालों की साधना भी कम पड़ जाती है...।

यशस्विनी ने मंच पर अपनी दाईं ओर देखा... रोहित एक कोने पर हैं और बीच-बीच में अन्य साधकों के साथ-साथ योग व ध्यान करने का प्रयास भी करते हैं। रोहित टेक्निकल एक्सपर्ट हैं लेकिन अब वह समय मिलते ही ध्यान पर बैठ जाते हैं... रोहित की आंखें बंद हैं... और चेहरे पर संतुष्टि के भाव ..... जैसे योग और ध्यान को सीखने का पूरे मन से प्रयास कर रहे हैं....वह सोचने लगी, हो सकता है रोहित जी योग में बहुत ऊपर उठ गए हों...

## सामयिक चर्चा

# भैयाजी का योगा दिवस

बानी ने सादर पूछा -
'भैयाजी! आपने
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस,
कहिए, कैसे मनाया?'
भैयाजी ने बड़े अपनेपन से
मुस्कराते हुए बताया -
''हम सबेरे जल्दी उठकर,
चटपट तैयार होकर,
स्टेडियम आ गए।
और एकदम सामने आसन पर
योग करने बैठ गए।
हमने सर्वप्रथम हाथ जोड़ लिया।
योग गुरू पतंजलि को प्रणाम किया।
फिर उनके दक्ष शिष्य के निर्देशानुसार
हम योग करने लगे।
फोटोग्राफर कई कोणों से
फोटो खींचने लगे।
बानी! आपने देखा होगा आज अखबार
पिछले साल से कहीं बड़ा
हमारा आकर्षक फोटो छपा है, इस बार
बानी भाई। मालूम,
हमें, साल में एक दिन,
21 जून को, योग करने में,
सचमुच बड़ा आनंद आता है।
फिर तो हम अपने कार्यो में
इस कदर व्यस्त हो जाते हैं
कि हमें योग के लिए,
समय ही नहीं मिल पाता हैं।



**गिरीश बख्शी**

## भाषा ज्ञान बढ़ाइए-5


# बारिश का मौसम

असीम सुहाना होता है...बारिश का मौसम
जब बरसता है रिमझिम-रिमझिम
खेतों में, खलिहानों में
पर्वतों में, अरण्यों में पठारों पर
तो पूरी भूमि, हरियाली धानी से भर जाती है
तरुओं के टहनियों में भी
हरे-हरे पल्लव खिल आते हैं
ऐसा लगता मानों पृथ्वी अपनी
हरे-भरे घर का निर्माण कर रही है
और उसी घर के श्रेणी पर
विहग अपनी नीड़ का सृजन करती है
तो वह शीश पर साजे गुम्बद सा लगता है
इस अद्भुत विटप-महल के नीचे
एक बेसहारा हिरण
गृह की तलाश में भटकता हुआ
आकर रुकता है, मैं वही मृग हूँ....भैया
जो संसार की भेदभाव,स्वार्थपरता को तज
स्वतंत्र व स्वच्छंद स्थल में आया हूँ
जहाँ सब निश्चिंत होकर बढ़ते हैं
जो निज कथाक्रम स्वयं गढ़ते हैं
क्या तुम भी वहाँ आओगे भैया?
जीवन की पार लगाने नैया
कोलाहल से दूर एकांत वातावरण में
मोंहमाया को तज इस विशाल रण में।।




**- चन्द्रकांत खुंटे ''क्रांति''**
**जांजगीर-चाम्पा (छत्तीसगढ़)**

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपने विशेष कार्यों पर फोकस रहने से सफलता मिलेगी। अपनी ऊर्जा और शक्ति बढ़ाने के लिए अच्छे साहित्य और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि लें। इससे आपके व्यक्तित्व में आश्चर्यजनक बदलाव होंगे। खास लोगों के साथ संपर्क स्थापित होगा। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों मे ही दिन बीत जाएगा। कोई भी विशेष निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार अवश्य करें।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में आवेश में आने की बजाय धैर्य और संयम से समाधान निकालें, क्योंकि नजदीकी मित्र या संबंधी के साथ लेनदेन को लेकर कुछ दिक्कतें आएंगी। अनजान लोगों के साथ अपनी गोपनीयता उजागर न करें। आपका कोई नुकसान हो सकता है। कारोबारी गतिविधियों में बहुत ध्यान देने की जरूरत है। घर में खुशनुमा वातावरण बना रहेगा। आपके अथक प्रयासों से गतिविधियों में कुछ सुधार होगा। अपने प्रत्येक कार्य को गंभीरता से पूरा करने का प्रयास करें, शुभ परिणाम की प्राप्ति होगी।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवहारिक बनें, इमोशनल स्वभाव में बदलाव करना चाहिए। दूसरों के मामलों में दखलंदाजी करने की बजाय अपने कार्यों पर ही ध्यान दें, क्योंकि इसका दुष्प्रभाव आपके ऊपर ही आएगा। सरकारी कार्यवाही चल रही है, तो उससे संबंधित समाधान मिलने की संभावना है। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान देने से उनका मनोबल बढ़ेगा। इसलिए उनके साथ कुछ समय व्यतीत करना उचित रहेगा। महिलाएं आज खुद के लिए थोड़ा सा वक्त निकालेंगी और इंजॉय करेंगी।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपनी योजनाओं को कार्य रूप देने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार जरूर करें। आज स्वभाव में अहम की भावना ना आने दें। कारोबारी मामलों में दिक्कत रहेगी, लेकिन आप उसको किसी की मदद से सुलझाने का प्रयास करेंगे। खुद को साबित करने के लिए बहुत संघर्ष और मेहनत की जरूरत है। आज व्यवसायिक संपर्कों को और मजबूत करें। किसी महत्वपूर्ण या राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी, लेकिन विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखें।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज सभी काम अपनी देखरेख में ही करवाएंगे, तो सब ठीक से हो जायेगा। कर्मचारियों और स्टाफ के साथ सहयोगात्मक व्यवहार करने से उनकी कार्य क्षमता बनी रहेगी। व्यवसायिक कार्यों में किसी भी प्रकार का रिस्क लेने का प्रयास न करें। व्यवसाय में किसी के साथ भी कोई डील या लेनदेन करते समय बहुत अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। हालांकि आपको फायदेमंद अनुबंध मिलने वाले हैं। आज पारिवारिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए परिजनों के साथ सकारात्मक विचार विमर्श होंगे। आज किसी प्रिय मित्र की मुसीबत में उसकी मदद करने से आपको हार्दिक खुशी मिलेगी।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से खुद को दूर रखें। वरना इसका नकारात्मक असर आपकी पारिवारिक व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। परिस्थितियों को सुलझाने के लिए धैर्य और संयम से काम लें, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। निजी वजह से बिजनेस पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। इसका नकारात्मक असर आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था पर पड़ सकता है। आज शांतिपूर्ण तरीके से समस्या को सुलझाने का प्रयास करें। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने किसी विशेष प्रयास में मनमुताबिक सफलता मिलने वाली है। विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय अवश्य बिताएंगे, इससे आपको मानसिक सुकून और शांति मिलेगी। इस समय व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। सरकारी सेवारत लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है।




**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज संतुलित और सुव्यवस्थित कार्य प्रणाली बनाए रखने से दिनचर्या सहज व्यतीत होगी। आज किसी प्रभावशाली और वरिष्ठ व्यक्ति के सानिध्य में बेहतरीन जानकारियां मिलेंगी। इससे आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। आज घर में जो सुधार की योजनाएं बन रही थी, उन्हें क्रियान्वित करने से पहले बजट का ध्यान रखना भी जरूरी है। आज व्यवसाय संबंधी किसी काम में अपनी योग्यता और कार्यक्षमता पर ही भरोसा रखें। मशीनरी आदि से जुड़े व्यवसाय में लाभदायक फल मिलेंगे।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय की कार्यप्रणाली बहुत ही आसान रहेगी। किसी लक्ष्य को हासिल करने में सफलता मिलेगी, लेकिन किसी कर्मचारी की सलाह पर भी ध्यान अवश्य दें। इस समय अपनी कार्य प्रणाली में किए गए बदलाव का उचित परिणाम मिलेगा। आज प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेंगे। जिससे आपको बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आज काम समय पर पूरा करना आपकी काबिलियत पर निर्भर करता है। सरकारी सेवारत व्यक्तियों पर भी कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ सकती है। आपसी सामंजस्य द्वारा परिस्थितियों को संभालने का प्रयास करेंगे।




**मकर**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी योजनाएं और कार्यशैली आपके व्यवसाय को और अधिक गति प्रदान करेंगी। साथ ही प्रतिस्पर्धा की स्थिति से भी गुजरना पड़ सकता है। किसी भी काम को करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। कोर्ट केस अथवा संपत्ति संबंधी विवाद किसी की मध्यस्थता से हल करने का प्रयास करें। बिजनेस में लिए गए निर्णय में शुरुआत में कुछ दिक्कतें और परेशानियां आएंगी। आज आप प्रोडक्शन के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी ज्यादा ध्यान देंगे। अगर आप व्यवस्थित होना चाहते हैं तो आलस और सुस्ती का परित्याग करना पड़ेगा।



**कुंभ**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज व्यवसाय में इंटरनेट और फोन के माध्यम से नई-नई जानकारियां हासिल करना कारोबार के लिए सहायक रहेगा। अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करते समय किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह अवश्य लें। सरकारी सेवारत लोगों को आज कार्यभार हल्का होने से राहत मिलेगी। अचानक ही कुछ ऐसे खर्चे सामने आएंगे जिन पर कटौती करना भी संभव नहीं होगा। इसलिए धैर्य और संयम से काम लेंगे तो सब सही रहेगा। किसी के साथ भी गलतफहमी के कारण रिश्तों में कटुता ना आने दें।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन करें। कभी-कभी आपके अत्यधिक हस्तक्षेप की वजह से घर के सदस्य परेशान हो सकते हैं। संतान की गतिविधियों को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है, कड़ी नजर रखेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्य सावधानी से करेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उसके बारे में विचार अवश्य करें। कार्यस्थल पर किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप आंतरिक व्यवस्था पर ना होने दें। अधिकारी और सम्मानित लोगों से संपर्क रखना बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा।

# योग, स्वच्छता और संस्कारों की राह दिखा रहे हैं पीएम मोदी- सांसद संतोष पाण्डेय

खैरागढ़ (दावा)। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या शाला खैरागढ़ में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम पर जिला स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, नगर पालिका खैरागढ़ अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सभापति धम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भगवत शरण सिंह, खम्महन ताम्रकार, विकेश गुप्ता, पार्षद विनय देवांगन, बिसेसर साहू, तीरथ चंदेल, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टांकेश्वर प्रसाद साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभाग के अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में व्याख्याता मानस मणि साहू ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। योग सत्र में शिथिलीकरण अभ्यास, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ट्रासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन एवं शवासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही कपालभाति, प्राणायाम, भ्रामरी तथा ध्यानासन का प्रशिक्षण देकर योग के मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। 'संगम एवं हरित योग की थीम पर योगाभ्यास के बाद सांसद सहित सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने कन्या शाला परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा योग को आज पूरे विश्व में सम्मान प्राप्त हुआ है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने योग की महत्ता को संयुक्त राष्ट्र संघ में विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसे आज 175 से अधिक देशों 12 लाख स्थानों एवं 10 करोड़ से अधिक लोग योगाभ्यास से जुड़ रहे है।

उन्होंने कहा, 'आज का दिन ऐतिहासिक है, प्रधानमंत्री मोदी केवल योग को वैश्विक मंच पर लाए ही नहीं, बल्कि उन्होंने स्वच्छता जैसे युगांतरकारी कार्यों से जन चेतना जगाई।' उन्होंने कहा कि हर बच्चा चॉकलेट का रैपर भी जेब में रखता है -'यह स्वच्छता अभियान की सफलता है।'

कार्यक्रम में चरण पादुका वितरण योजना की शुरुआत को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री



**11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड में किया गया सामूहिक योगाभ्यास**
**0 पौधारोपण कर जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

विष्णुदेव साय को बधाई दी और कहा कि यह योजना विशेष रूप से वनवासी, तेंदूपत्ता संग्राहक और जंगल में रहने वाले भाइयों-बहनों के लिए समर्पित है। सांसद संतोष पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की कथा का उल्लेख करते हुए कहा, 'जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा के पांव धोकर सम्मान दिया, उसी भावना से आज सरकार वनवासी समाज के प्रति सेवा और सम्मान का भाव लेकर कार्य कर रही है।' उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में चरण पादुका योजना कुछ समय के लिए बंद थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे फिर से प्रारंभ कर पूरे प्रदेश में लागू कर दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जो आज पूरे विश्व में स्वास्थ्य और जीवन शैली के प्रतीक के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से करोड़ो लोग योग से जुड़ रहे है।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, 'आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बहुत-बहुत बधाई। मेरी आप सभी से अपील है कि आप अपनी व्यस्त दिनचर्या में से प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विज्ञान चाहे जितना भी विकसित हो जाए और दवाइयाँ कितनी भी प्रभावशाली बन जाएँ, लेकिन योग का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत के साथ विश्व के लगभग सभी देशों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्वीकार किया है। विक्रांत सिंह ने कहा कि पहले योग को हम जीवन का एक हिस्सा मानते थे। लेकिन आज यह एक जीवनशैली बन चुका है।। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वनवासी भाइयों की कठिनाइयों को समझते हुए, उनके लिए चरण पादुका वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की है, जो एक अत्यंत सराहनीय पहल है। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारे जिले में लगातार दूसरी बार सामूहिक रूप से योग दिवस का आयोजन किया गया है, जो जिले की जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वच्छता बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। 'हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व ही योग की परंपरा की नींव रख दी थी। आज उसी परंपरा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांति प्रदान करता है। प्रत्येक नागरिक को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।'

इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'योग' शब्द अपने आप में एकता, संतुलन और स्वास्थ्य का प्रतीक है। योग आज केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना चुका है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर योग, आज विश्वभर में सम्मान के साथ अपनाई जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक बनकर उभरा है और यह गर्व की बात है, कि पूरी दुनिया भारत की इस परंपरा को अपना रही है। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ने वाले श्रमिकों के लिए वन विभाग के माध्यम से चरण पादुकाएं वितरित का शुभारंभ भी आज किया जा रहा है। जिससे उन्हें जंगलों में कार्य करते समय पैरों की सुरक्षा मिल सके। यह योजना श्रमिकों के कल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम कन्या शाला के डॉ.कमलेश्वर सिंह, कुणाल टंडन, सेजेस -1, 2 बालक खैरागढ़ के प्राचार्य रोशन लाल वर्मा सहित समस्त स्टाफ, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी, शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन वैद्यनाथ वर्मा तथा कार्यक्रम के अंतिम में जिला पंचायत के सी.जी.के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किये।

## पहला कॉलम...

### कुमर्दा हायर सेकेंडरी स्कूल में योग दिवस पर जुटे ग्रामीण




डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम कुमर्दा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्कूल संस्था द्वारा आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में सरपंच नुनकरण भुआर्य, अध्यक्ष जनभागीदारी गनसूराम कोलियारे, लक्ष्मीनारायण साहू, जिला भाजयुमो नेता नवीन साहू, उपसरपंच विजय कोसमा, प्राचार्य मिलापदास साहू, दानेंद्र ठाकुर करारोपण अधिकारी, रोजगार सहायक ऋषि साहू सहित वरिष्ठ ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधि एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं इस आयोजन में सहभागिता कर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### ग्राम आसरा में योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम आसरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सदस्य एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच शरद वैष्णव ने की। उन्होंने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का जरूरी हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी और कहा कि योग से स्मरण शक्ति बढ़ती है और मन एकाग्र होता है। कार्यक्रम में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। सभी ने एक साथ योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। आयोजन के दौरान शिक्षकों और पंचायत सदस्यों ने भी सहभागिता निभाई और योग के महत्व को समझाया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेल कर्मचारियों ने किया योगा



डोंगरगढ़ (दावा)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रेलवे सामुदायिक भवन डोंगरगढ़ में विश्वनाथ यादव (रिटायर स्टेशन मास्टर) श्रीमती गुलशन खांडेकर के अगवाई में रेलवे के सभी विभागो के रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अधीक संख्या मे योगा अभ्यास किया। इसमें मुख्यता देवेंद्र साखरे (वेलफेयर इंस्पेक्टर), वेंकट सत्यनारण, अंजय कुमार निगम, रवि कुमार, एस सत्यम स्वामी व व्यवस्थापक एस. वेंकट स्वामी (चिन्नी) सचिव रेलवे इंस्टीट्यूट डोंगरगढ़ के द्वारा फल वितरण किया गया।

### विद्यालय के भैया बहनों को योग आसन एवं प्राणायाम कराया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों को योग आसन एवं प्राणायाम कराया गया और उनके लाभ भी बताया गया। हमें रोज योग करना चाहिए। जिससे हम स्वस्थ एवं निरोगी रह सकते हैं। हम केवल एक ही दिन नहीं हमेशा करते रहना है। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार नंदेश्वर दीदी गायत्री वर्मा, हेमा वर्मा, संजना साहू उपस्थित रहे। सभी ने योग दिवस की शुभकामनाएं दी।

## शास. उच्च. माध्य. विद्यालय तिलईरवार में मनाया गया 'योग दिवस'



तिलईरवार (दावा)। दिनांक 21 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में योग दिवस मनाया गया। इस योग दिवस में सरपंच महोदया श्रीमती नंदीका कुंजाम, सीएसबी कुंजाम, स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती सरिता तिवारी एवं विद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में योगाभ्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में योगाभ्यास शिक्षक के रूप में थंगेश्वर कुमार साहू एवं नोहर दास लिलहारे के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। नोहर दास लीलहारे के द्वारा योगाभ्यास के महत्व, उसके लाभ के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को सारगर्भित ढंग से बताया गया। और थंगेश्वर कुमार साहू एवं श्रीमती अनुराधा ढोक द्वारा योग पर रचना का पठन किया गया। योगाभ्यास के बाद सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, श्रीमती रेखा मुरकुटे, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लीलहारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव सभी व्याख्याता के साथ-साथ आशीष मसीह सहायक शिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्री थंगेश्वर कुमार साहू जी के द्वारा किया गया। और इस योग दिवस की सफल कार्यक्रम प्राचार्य अशीम कुमार यदु के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ और कार्यक्रम के अंत में सभी को योग दिवस पर संबोधित करने के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में**

खैरागढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर आयोजित इस सामूहिक योगाभ्यास में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार समेत सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए। विद्यालय के योग अनुदेशक लेकेश्वर साहू ने योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विविध यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया। अपने संबोधन में प्राचार्य अंजय कुमार ने योग की मुद्राओं के सही रुप में सावधानीपूर्वक अभ्यास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग का अर्थ होता है जोड़ना और योग अभ्यास के माध्यम से हम श्रेष्ठ विश्व मानव बनने का प्रयास कर एक-दूसरे से जुड़ते है। योग अभ्यास के अंतर्गत खड़े होकर किए जाने वाले आसन में ग्रीवाचालन आसन, स्कंध चालन, ताड़ासन, समकोण आसन आदि का अभ्यास कराया गया।

बैठकर किए जाने वाले आसन में गुल्फ चालन आसन, तितली आसन, वज्रआसन, उष्ट्रासन आदि का अभ्यास कराया गया। पीठ के बल किए जाने वाले आसन में अर्ध हलआसन, उत्तानपाद आसन, सेतुबंध आसन, पवनमुक्तासन आदि का अभ्यास कराया गया। पेट के बल किए जाने वाले आसन में मकरासन, भुजंगासन, शलभासन आदि का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों को प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न विधियों का भी अभ्यास कराया गया। योग दिवस गतिविधियों का समन्वय शिवम सुमन शारीरिक शिक्षा शिक्षक और लेकेश्वर साहू योग अनुदेशक ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेंद्र पांडेय ने किया।

## 40वीं वाहिनी आईटीबीपी के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया



**हम सभी के लिए गर्व की बात है कि योग भारत की देन है - विनोद कुमार**

डोंगरगढ़ (दावा)। 21 जून को 40वीं वाहिनी आईटीबीपी डोंगरगढ़ के प्रांगण में 11वीं अर्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम तेजभान सिंह कमांडेंट के प्रेरणादायक मार्गदर्शन, विनोद कुमार द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व तथा अजय सिंह, सहायक सेनानी के उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग को अपने जीवन का अंग बनाकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ लाभ प्राप्त करना है। कार्यक्रम की शुरुआत बल परिसर में योग कार्यक्रम की शुरूवात गायत्री मंत्र व ओम के उद्घोष से हुई। इसके उपरांत अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा जवानों द्वारा सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम व योगासन का अभ्यास किया गया।

इस अवसर पर विनोद कुमार द्वितीय कमान ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज हम सब यहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन विरासत, आध्यात्मिक चेतना और वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति योगदान का प्रतीक है। योग का अर्थ और महत्व के बारे में बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं है। यह एक जीवन जीने की कला है। योग का अर्थ है - 'योगः-चित्त-वृत्ति-निरोधः' अर्थात् मन की चंचलता को नियंत्रित करना, अपने भीतर की शक्ति को पहचानना है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में जहां तनाव, चिंता और अवसाद सामान्य हो चुके हैं। वहाँ योग एक अमोघ औषधि बनकर उभरा है। भारत का योग के प्रति योगदान पर ने बताया कि हम सभी के लिए गर्व की बात है कि योग भारत की देन है। हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने योग को आत्म-साक्षात्कार और पूर्ण स्वास्थ्य का माध्यम बताया है। 21 जून को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को मान्यता दी। इसका उद्देश्य योग के महत्व को वैश्विक स्तर पर फैलाना, लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना तथा मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की ओर लौटना है। आज हम विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़ चुके हैं, लेकिन मानवता और आत्मिक शांति से दूर हो चुके हैं। आज का युवा वर्ग मोबाइल, सोशल मीडिया और नावश्यक प्रतिस्पर्धा में उलझा हुआ है। ऐसे में योग ही एकमात्र ऐसा साधन है, जो हमें शांति, अनुशासन और उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर वापस ले जा सकता है। सामरिक मुख्यालय 40वीं वाहिनी आईटीबीपी डोंगरगढ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन का उद्देष्य केवल एक दिन का उत्सव मनाना मात्र नहीं है, अपितुः योग को जीवन का हिस्सा बनाना है तथा प्रत्येक दिन कुछ समय योग को देकर अपने शरीर, मन और आत्मा की सफाई करना एवं इस अमूल्य धरोहर को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

## कलडबरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लगाया 'एक पेड़ मां के नाम'



डोंगरगांव (दावा)। छुरिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शाला शासकीय प्राथमिक शाला कलडबरी में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों तथा शाला में अध्यनरत बच्चों को यहां के शिक्षकों ने योग से जुड़ने हेतु प्रेरित किया एवं योग के कुछ आसान व प्राणायाम किया। साथ ही साथ 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के अंतर्गत शाला में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें शाला की प्रधानपाठिका हरेश बघेल, सहायक शिक्षक मनोज कुमार राणा एवं विनय कुमार सिंह तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोनाबाई साहू, रमेश कुमार साहू, पंच लुकेश्वरी निषाद, खिलेश्वरी साहू, लीला बाई, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गंगाबाई पटेल, प्रिया बाई कुमरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी बाई ओटी तथा अन्य सदस्य भी शामिल हुए। दोनों कार्यक्रमों में सभी ने पूरी तन्मयता के साथ भागीदारी दी एवं रोज योग करने तथा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करने हेतु प्रतिबद्ध हुए।

## आलकन्हार स्कूल में प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक व साइकिल वितरण किया गया



बांधाबाजार (दावा)। विकासखण्ड मोहला के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल आलकन्हार में सभी शाला मिलकर सामूहिक रूप से शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम दिनांक 20 जून दिन शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती देवी के तैल्यचित्र पर पूजा वंदना कर किया गया और नवप्रवेशी बच्चों की तिलक गुलाल व खीर, पुड़ी, मिठाई से मुंह मीठा कर, किताब गणवेश व छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से शाला में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत के सरपंच श्रीमती दिलेश्वरी कोमा, अध्यक्षता की हाईस्कूल शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष बरनसिह सुधाकर, मिडिल स्कूल के शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल कोमा, प्राथमिक शाला के शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सुकल दास मार्गे, उपाध्यक्ष प्रभू राम नायक, विशेष अतिथि के रूप में जितेन्द्र पटेल, प्रधान पाठक चापाटोला, ग्राम प्रमुख मेहरू राम, खोरबाहरा राम, गोपीराम, चुरामन रावटे, देवार सिंह लारिया, जंगलूराम भूआर्य, लखन लाल लारिया, किशोरी लाल भूआर्य, द्वारका राम कोरटिया, शोभूराम, भूआर्य, श्रीमती रितु बाई, उषा बाई, टामेश्वरी अमृता, सुनाबाई पदमाबाई, अमेरिका बाई, सुरिता बाई, अनिता बाई, किरण बाई, राधिका बाई, संकुल प्राचार्य गौरीशंकर साहू, ललित देवांगन, महेश रावटे, मनोज चन्द्रवंशी, विकास पटेल, रंजू बडोले, आरती सोनी, फागेश्वरी भूआर्य, विक्रम नाना, प्रधान पाठक रोहित कुमार यादव प्रधान पाठक भवरसिंह साहु, हीरालाल आर्य, रेशकुमार धलेन्द्र, विनोद कुमार सिन्हा, छबिलाल कोरेटी, योगेश्वरी भूआर्य आदि शामिल हुए।

## योग शरीर और मन का जोड़ है-नीरज बाजपेयी




**एनव्हीएम में मना योग दिवस**

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर, मोहड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरी गरिमा के साथ मनाया गया। एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी के मार्गदर्शन में खेल प्रशिक्षक लक्ष्मण राव कदम, घनश्याम तिवारी एवं खेल शिक्षक गुलशन कुमार ने आसन एवं प्राणायाम कराते हुए अपनी ऊर्जा और उत्साह का बखूबी परिचय दिया। योग दिवस पर शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार, चक्रासन, पद्मासन, सुखासन, सर्वांगासन, तितली आसन, झूलासन, बज्रासन आदि किए। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं शिक्षाविद् नीरज बाजपेयी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि योग से संपूर्ण शरीर की कार्य-प्रणाली दुरूस्त होती है और खास कर व्यक्ति एवं बच्चों में एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है।

योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने इस प्रसंग को अतिशय महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि योग शरीर सेमन की यात्रा है। कोरोना बीमारी के समय पूरी दुनिया ने योग की शक्ति का स्वागत किया है। प्राचार्या सुश्री अंजु महाजन ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन-शैली को अपना ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग उत्कृष्ट जीवन शैली कापर्याय है। उन्होंने सभी से सुविधानुसार योग करने को कहा। योग दिवस की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशास कजी रामसिन्हा ने बधाई देते हुए शुभकामनाएँ दी। राष्ट्रगान से कार्यक्रम समाप्त हुआ। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में नवीन देवांगन ने दी।

# पहला कॉलम...

## जिला पंचायत सभापति बिरम रामकुमार मंडावी ने किया पौधारोपण



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत ग्राम जयसिंगटोला में पौधारोपण किया। इस मौके पर रामकुमार मंडावी महामंत्री भाजपा मंडल गैंदाटोला, हर नारायण रामटेके समिति प्रबंधक, अंजोरी राम चंद्रवंशी सहायक समिति प्रबंधक, जीवनलाल मंडावी कंप्यूटर ऑपरेटर, मोहन मंडावी लिपिक, प्रीतम निषाद चपरासी, किसानगण मन्नू नेताम, गोकरण सिन्हा, गोविंद नेताम, भोलाराम चंद्रवंशी आदि किसान उपस्थित रहे।

## छात्रावास आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सकों से आवेदन आमंत्रित

मोहला (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत संचालित छात्रावासों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन, स्वस्थ मन योजना अंतर्गत चिकित्सा विहीन ग्रामों में स्थित छात्रावास आश्रमों के लिए एमबीबीएस, बीएएमएस, निजी प्रैक्टिशनर से 27 जून तक आवेदन आमंत्रित किया है। योजना में भाग लेने हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सौरभ मरई मोबाइल नंबर 7879729620 से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पिनकापार शाला द्वारा मेहुल कुमार को किया सम्मानित



हरदी (दावा)। शासकीय पूर्व बालक माध्यमिक शाला पिनकापार के छात्र मेहुल कुमार मेश्राम पिता सुरेश कुमार मेश्राम, माता भारती मेश्राम का चयन प्रयास विद्यालय (2025-26) में होने पर संस्था के प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, शिक्षक रूकम सिंह देवांगन, शिक्षिका हेमपुष्पा सुखदेव, अनिल कुंवर सेवता, शासकीय बालक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शत्रुहन लाल सोनकर, दुर्गेश कुमार सोनकर एवं कन्या माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्याम किरण नूनहारे, नितेश कुमार लोन्हारे, शिक्षिका तोमेश्वरी साहू, कन्या प्राथमिक शाला की समस्त शिक्षकगण एवं संकुल समन्वयक रोशन लाल साहू ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान किया।

## पांगरीखुर्द में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले के ग्राम पंचायत पांगरी खुर्द के सरपंच एवं सेवा सहकारी समिति मर्यादित पांगरी खुर्द के संयुक्त तत्वाधान में 20 जून को वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें समिति प्रबंधक डामन लाल साहू, प्राधिकृत अधिकारी बोधन साहू, सरपंच शामसाय गोंड, पंचायत सचिव अर्जुन सिंह, फकीर दास साहू, अमर लाल पटेल, जीवराखन साहू, विकास सार्वा, गौतरिया निषाद, मनोहर दास साहू आदि के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## ई-ऑफिस क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण 24 को

राजनांदगांव (दावा)। ई-ऑफिस के सुचारू संचालन हेतु 24 जून को सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक तीन पालियों में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक ई-ऑफिस तथा शाम 4 से शाम 5 बजे तक पीआईएमएस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को प्रशिक्षण में कम से कम 2 अधिकारी व कर्मचारी की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा मंडल छुरिया ने संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का किया आयोजन

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर हुआ कार्यक्रम, सरकार की उपलब्धियां गिनाई




छुरिया (दावा)। भाजपा राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार आज भाजपा मंडल छुरिया में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम अंतर्गत विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर गुरुवार को साहू धर्मशाला में आमसभा रखी गई। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, एमडी ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कांता प्रसाद साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, धन्ना यादव, महामंत्री गैंदाटोला मंडल रामकुमार मंडावी, जिला पंचायत सदस्य बीरम बाई मंडावी, अनिता मंडावी, कार्यक्रम के संयोजक शेखर भरतद्वाज, सहसंयोजक अशोक मरकाम, कुंदन बाडोलेजी, राधे श्याम शर्मा, नैन सिंह पटेल, मयाराम साहू, जनपद पंचायत सदस्यगण एवं सभी जनप्रतिनिधि, ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के गरिमामय उपस्थिति में मंडल स्तरीय आमसभा का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वक्ताओं ने संयोजक शेखर भरतद्वाज, सह संयोजक अशोक मरकाम, कुंदन बड़ोले को बधाई दी।

## विष्णु लोधी ने कलेक्टर से किसानों की लंबित मुआवजा राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पुरैना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के किसानों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान पिछले दो वर्षों से लंबित है। निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में अधिग्रहित भूमि पर कार्य पूर्ण हो चुका है, प्रशासन द्वारा रूपये 26,40,708/- की स्वीकृत मुआवजा राशि 26 अप्रैल 2025 को पत्र क्रमांक 802/शिविर/2025 के माध्यम से जारी की जा चुकी है, फिर भी किसानों को आज दिनांक तक उनकी राशि नहीं मिली।



छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने इस गंभीर मामले को लेकर दिनांक 20 जून 2025 को कलेक्टर राजनांदगांव को पत्र लिखकर किसानों की लंबित मुआवजा राशि शीघ्र वितरित करने की मांग की है।

अपने पत्र में श्री लोधी ने लिखा कि, यह प्रशासन की गंभीर लापरवाही और संवेदनहीनता है। यह सिर्फ किसानों के अधिकारों का हनन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही से भी मुंह मोड़ने जैसा है।

विष्णु लोधी ने प्रशासन से तत्काल राशि भुगतान की माँग करते हुए चेतावनी दी कि यदि किसानों को उनका हक नहीं मिला तो ग्रामवासी, समाज एवं संगठन सामूहिक विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने आगे कहा कि, किसान अपना हक मांग रहे हैं, भीख नहीं।

बार-बार निवेदन करने के बाद भी राशि का भुगतान न होना अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कलेक्टर राजनांदगांव से निवेदन किया है कि प्रशासनिक मर्यादा, दायित्वबोध और किसान सम्मान को ध्यान में रखते हुए तत्काल मुआवजा वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों में दर्ज सभी सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण कराए

मोहला (दावा)। भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गए निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है।

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 76006 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डों में 292341 सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से 267894 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है। 24447 सदस्यों का ई-केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते है। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डों में पंजीकृत सभी हितग्राही जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है। ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावे। 30 जून के पश्चात जिन सदस्यों का ई-केवाएसी नहीं हुआ है, उनका खाद्यान्न नहीं प्राप्त होने की संभावना है।

## आईटीआई में प्रवेश हेतु 25 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में सत्र अगस्त 2025 से प्रारंभ होने वाले विभिन्न व्यवसायों के रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 25 जून तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक वेबसाईट https://cgiti.admissions.nic.in पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

## विधायक आदर्श ग्राम सुरगी में योग से कैसे रहे निरोग की दी गई जानकारी



राजनांदगाव (दावा)। समीपस्त विधायक आदर्श ग्राम सुरगी में विगत 5 दिनों से आयुर्वेद विभाग का योग से कैसे निरोग रहे यह बच्चों को बताया गया।

इस अवसर पर सुरगी आयुर्वेद अस्पताल के डॉक्टर और समस्त कर्मचारी और ग्राम प्रमुख सरपंच सुग्रीव साहू, प्राचार्य एनके साहू, पूर्व सरपंच आनंद साहू, शाला विकास समिति के सदस्य तिलोकचंद पारख, हाईस्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुक्रित दास साहू, तेजप्रकाश साहू, देवेंद्र जैन, पीटीआई राजाराम देवांगन, व्याख्यातागणों में सुशील नारायण शर्मा (जिला उपाध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ राजनांदगाव), वीरेंद्र टेभूरकर, गीतांजलि साहू, नीरा ठाकुर, शिवानी बर्मन, आदि लोग सम्मिलित थे।

ज्ञात हो कि अभी युक्तियुक्त के खिलाफ व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक लोग पुरे छत्तीसगढ़ में विरोध स्वरूप विगत 16 जून से शिक्षक साझा मंच के आह्वान पर काली पट्टी लगाकर विरोध भी कर रहे है और स्कूल का कार्य काली पट्टी लगाकर कार्य कर रहे है। सुशील नारायण शर्मा जिला उपाध्यक्ष शिक्षक साझा मंच राजनांदगाव ने यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिए है।

# विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान से प्रयास विद्यालय में 3 ग्रामीण प्रतिभाओं ने रचा सफलता का इतिहास

अंबागढ़ चौकी (दावा)। विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान टोलागांव (ब्राह्मणभेड़ी) विकासखण्ड अंबागढ़ चौकी की पहल से एक बार फिर क्षेत्र की प्रतिभाओं ने नया कीर्तिमान रचते हुए प्रयास विद्यालय में चयन प्राप्त किया है। आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन शैक्षणिक रूप से होनहार बच्चों को सही मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर विजन संस्थान ने उनके सपनों को नई उड़ान दी है।



अभी तक विजन संस्थान से 100 से अधिक बच्चों का चयनित हो चुके हैं। इस वर्ष संस्थान से प्रयास विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं में नामिता पटेल, खुशी निषाद एवं नोमेश कुमार का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। इन्होंने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह सफलता अर्जित की है। इनकी सफलता न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। संस्थान संचालक नीलकंठ कोमरे ने बताया कि विजन कोचिंग का उद्देश्य ऐसे बच्चों को मुख्यधारा की प्रतियोगी शिक्षा से जोड़ना है। जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल उनकी नहीं पूरे समाज की सफलता है। राजू निर्मल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि-'यह सफलता पूरे अंचल के लिए प्रेरणादायक है। विजन कोचिंग का उद्देश्य उन विद्यार्थियों को अवसर देना है। जो प्रतिभाशाली हैं, पर संसाधनों की कमी से पिछड़ जाते हैं। यह केवल कोचिंग की नहीं, पूरे समाज की जीत है।' किरण मंडावी ने कहा कि यह सफलता पूरे समाज की जीत है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए।' समाज के विभिन्न लोगों ने भी चयनित बच्चों को बधाई दी। जिनमें प्रमुख राजू निर्मल, किरण मंडावी, अशोक सेवता, नीलकंठ कोमरे, गिरधर सोनवानी, चपेश्वर बढ़ाई, प्रफुल्ल भंडारी, भजनलाल साहू, उदल सलामे, रूपेश्वरी साहू, सोनाली कोमरे, नेहा कोमरे, कैलाश कश्यप और सोहन कोमरे आदि है। सभी ने विजन कोचिंग संस्थान की मेहनत और विद्यार्थियों के प्रयासों की खुले दिल से सराहना की और कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए विजन कोचिंग परिवार का आभार प्रकट किया।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 23 से 27 जून तक रायपुर में काउंसलिंग

राजनांदगांव (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची में दर्शित वर्गवार विद्यार्थियों की 23 से 27 जून तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी जिला रायपुर में काउंसलिंग का आयोजन किया गया है।

काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। इसके तहत 23 जून को अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, 24 जून को अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, 25 जून को अनुसूचित जाति बालक-बालिका, 26 जून को अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका एवं 27 जून को सामान्य व अल्पसंख्यक वर्ग के बालक-बालिका की काउंसिलिग होगा। काउंसिलिंग में विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है, तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण-पत्र या शाला छोडने का प्रमाण-पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण-पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण-पत्र, 2 स्वयं का पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो प्रस्तुत करना होगा।

मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक व पालक को काउंसिलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में रिक्त सीट के आधार पर संस्था आबंटित किया जाएगा। विद्यार्थी काउंसिलिंग फार्म भरकर लाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**विशाखापट्टनम में पीएम मोदी बोले-दुनिया....**

को शांति स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए। जहां व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करें और जीवन में संतुलन पाएं। पीएम मोदी बोले-इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग। यह थीम एक गहरी सच्चाई को दर्शाती है। धरती पर मौजूद हर चीज का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। मनुष्य की भलाई उस मिट्टी की सेहत पर निर्भर है जिसमें हमारा भोजन उगता है, उन नदियों पर निर्भर है जो हमें पानी देती हैं, उन जानवरों पर जो हमारे इकोसिस्टम का हिस्सा हैं, और उन पेड़ों-पौधों पर जो हमें पोषण देते हैं। योग हमें इस आपसी जुड़ाव का एहसास कराता है, हमें दुनिया से एकात्मता की ओर ले जाता है और सिखाता है कि हम अकेले अस्तित्व में नहीं हैं, हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पीएम मोदी ने कहा-चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों या एवरेस्ट की चोटियां या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है। पीएम मोदी ने कहा-वो दिन जब संयुक्त राष्ट्र में भारत ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दिए जाने का प्रस्ताव रखा तो कम से कम समय में 175 देश हमारे प्रस्ताव के साथ खड़े हुए। ये सिर्फ एक प्रस्ताव का समर्थन नहीं था। बल्कि मानवता के भले के लिए दुनिया का सामूहिक प्रयास था।

**सीएम साय ने जशपुर में किया योग....**

हुए। इससे बच्चों का मन शांत व स्थिर रहता है और पढ़ने पर मन लगता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर 107.81 करोड़ के 64 कार्यो का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। इनमें जशपुर विधानसभा क्षेत्र के 61 करोड़ 20 लाख के 85 कार्यों का भूमिपूजन और 15 करोड़ 80 लाख के 6 कार्यों का लोकार्पण किया। इसी प्रकार कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत् फरसाबहार विकासखंड के 24 करोड़ 90 लाख के 15 कार्यों का भूमिपूजन और 5 करोड़ 91 लाख के 4 कार्यों का लोकार्पण भी किया। जगदलपुर में इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में योग किया गया, योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर देव ने कहा कि करें योग-रहें निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विधा योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया जा रहा है।इस दौरान विधायक देव ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत स्टेडियम परिसर में पौधरोपण भी किया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे, पार्षद वेद प्रकाश और जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, ने हिस्सा लिया।

**सोनिया बोलीं-ईरान पुराना दोस्त.....**

गबार्ड ने संसद में बताया था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने पर काम नहीं कर रहा है। सोनिया ने कहा कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लीडरशिप में इजराइल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनकी सरकार लगातार अवैध सेटलमेंट को विस्तार दे रही है, अति-राष्ट्रवादी लोगों के साथ मिलकर काम कर रही है और टू-स्टेट सॉल्यूशन को पूरी तरह नकार रही है। इससे न सिर्फ फिलिस्तीनी लोगों को तकलीफ बड़ी, बल्कि पूरा इलाका ही लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की तरफ धकेल दिया गया। ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है, और दोनों सभ्यताओं के बीच गहरा जुड़ाव है। ईरान ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया है। 1994 में ईरान ने संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव ब्लॉक करने में मदद की थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर के मसले पर भारत की आलोचना की गई थी। ईरान के खिलाफ इजराइली कार्रवाई को पूरी तरह पश्चिमी देशों का समर्थन प्राप्त है और कोई जवाबदेही नहीं है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर जो हमला किया था, उसकी कांग्रेस ने निंदा की थी, लेकिन साथ ही हम इजराइल की क्रूर कार्रवाई पर चुप नहीं रह सकते हैं। 55,000 से अधिक फिलिस्तीनी अपनी जान गंवा चुके हैं। पूरे परिवार, मोहल्ले और यहां तक कि अस्पताल तक नष्ट कर दिए गए हैं। गाजा भुखमरी की कगार पर है, और वहां की आम जनता वो दर्द झेल रही है, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। इस मानवीय संकट के समय में नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत की टू-स्टेट सॉल्यूशन की प्रतिबद्धता को लगभग पूरी तरह छोड़ दिया है। एक ऐसा समाधान जिसमें स्वतंत्र फिलिस्तीन, इजराइल के साथ सुरक्षा और सम्मान के साथ मिलकर रह सके। गाजा में हुई तबाही और अब ईरान के खिलाफ बिना उकसावे के हुई सैन्य कार्रवाई पर भारत सरकार की चुप्पी दिखाती है कि भारत अपनी नैतिक और कूटनीतिक परंपराओं से हट रहा है। यह सिर्फ आवाज खोने की बात नहीं है, बल्कि मूल्यों का भी त्याग है। लेकिन अभी भी देर नहीं हुई है। भारत को स्पष्ट रूप से बोलना चाहिए, जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए और हर कूटनीतिक माध्यम का उपयोग करना चाहिए ताकि तनाव को कम किया जा सके और पश्चिम एशिया में बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके।

**अहमदाबाद विमान हादसे के बाद 3....**

प्रबंधक पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग प्लानिंग विभाग की पायल अरोड़ा को हटाने का आदेश दिया गया है। इन अधिकारियों को गंभीर और बार-बार की गई चूकों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है, जिनमें अनधिकृत और गैर-अनुपालन चालक दल की जोड़ियां, अनिवार्य लाइसेंसिंग और नवीनता मानदंडों का उल्लंघन, तथा समय-निर्धारण प्रोटोकॉल और निरीक्षण में प्रणालीगत विफलताएं शामिल हैं। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तीनों अधिकारियों को चालक दल की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है, इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी के आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए और इस तरह की कार्यवाही के परिणाम की सूचना इस पत्र के जारी होने की तारीख से 10 दिनों के भीतर इस कार्यालय को दी जानी चाहिए। डीजीसीए ने कहा कि अधिकारियों को समय-निर्धारण प्रथाओं में सुधारात्मक सुधारों के पूरा होने तक गैर-परिचालन भूमिकाओं में पुनः नियुक्त किया जाएगा तथा वे अगली सूचना तक उड़ान सुरक्षा और चालक दल के अनुपालन पर सीधे प्रभाव डालने वाले किसी भी पद पर नहीं रहेंगे। आदेश में साफ किया गया है कि, किसी भी पोस्ट-ऑडिट या निरीक्षण में चालक दल के शेड्यूलिंग मानदंडों, लाइसेंसिंग या उड़ान समय सीमाओं का भविष्य में उल्लंघन होने पर सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी।

**वोटिंग से सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक.....**

दायर की जाती है, तो फुटेज को अदालत में प्रस्तुत किया जा सकता है। लेकिन यह आंतरिक प्रबंधन का विषय है, न कि सार्वजनिक वितरण का। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने महाराष्ट्र चुनावों के दौरान शाम 5 बजे के बाद मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की थी। उनका कहना था कि इससे चुनाव की पारदर्शिता साबित होती है और कथित धांधलियों पर रोक लगती है। हालांकि, चुनाव आयोग का कहना है कि यह मांग सिर्फ लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर की जा रही है, लेकिन इसका वास्तविक उद्देश्य राजनीतिक लाभ उठाना है। पिछले साल दिसंबर में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव कर CCTV फुटेज, वेबकास्टिंग और अन्य वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक निरीक्षण की पहुंच से बाहर कर दिया था। इसका मकसद चुनावी रिकॉर्ड का दुरुपयोग रोकना बताया गया था।

**इजरायल ने इस्फहान न्यूक्लियर.....**

यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड गैस को तेज गति से घुमाकर यूरेनियम के आइसोटोप को अलग करते हैं। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने मध्य इजराइल पर पांच बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिससे तेल अवीव और आसपास के कई शहरों में सुबह करीब 2.40 बजे हवाई हमले के सायरन बजने लगे। आने वाली सभी मिसाइलों को इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने रोक दिया। हालांकि किसी के घायल होने या सीधे हमले की खबर नहीं है, लेकिन मलबे के कारण एक अपार्टमेंट की इमारत की छत पर आग लग गई।

**ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने....**

चुन-चुनकर ईरान की मिलिट्री लीडरशिप को टारगेट कर रहा है। हालिया संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायल ने कई टॉप कमांडर जिसमें सीडीएस भी शामिल हैं, उन्हें मार गिराया था। इसके बाद से ही खामेनेई अपनी मिलिट्री की पोस्ट को भी तत्काल प्रभाव से भर रहे हैं। 80 के दशक में इराक के साथ हुए वॉर के बाद यह पहला ऐसा मौका है, जब ईरान को इतनी बड़ी मिलिट्री क्षति उठानी पड़ी हो। इजरायल ने हालिया संघर्ष में ईरान को जितना नुकसान पहुंचाया है, उतना सद्दाम हुसैन 8 साल तक चले युद्ध में भी नहीं पहुंचा पाए थे। अब तक माना जा रहा था कि खामेनेई का बेटा ही उनका उत्तराधिकारी होगा। लेकिन तीन नए नामों के सामने आने के बाद इन अटकलों पर विराम लग गया है। हालांकि ये तीन लोग कौन हैं, इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। सुरक्षा कारणों से ऐसा किए जाने की संभावना है।

# जनपद पंचायत छुईखदान की सामान्य प्रशासन समिति का बड़ा फैसला : सीईओ निलंबन का प्रस्ताव पारित

छुईखदान (दावा)। जनपद पंचायत छुईखदान में बुधवार को आयोजित सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक के बाद एक सख्त फैसले लिए गए। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार को निलंबित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह निर्णय जनपद में लगातार उजागर हो रहे भ्रष्टाचार के मामलों और नियमों के विरुद्ध एकल हस्ताक्षर से करोड़ों रुपए के भुगतान को देखते हुए लिया गया।

बैठक में सदस्यों ने आरोप लगाया कि सीईओ ने जनपद के नियमों को दरकिनार कर अपने पसंदीदा वेडर को सीधे भुगतान किया, जिससे पंचायत और जनप्रतिनिधियों की भूमिका नगण्य हो गई। इस पूरे मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, जनपद के किसी भी मद से कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा। सामान्य प्रशासन समिति के बैठक में यह भी खुलासा हुआ कि कुछ दैनिक वेतनभोगी ऑपरेटरों ने सीईओ के साथ मिलकर फर्जी तरीके से विकास मद के रुपए अपने खातों में स्थानांतरित किए। इन गंभीर आरोपों के आधार पर ऑपरेटर सुदामा साहू, सतीश जंगाड़े, दीपक और भुवन रजक को तत्काल प्रभाव से काम से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा लिपिक पद पर कार्यरत कोमल जंघेल को जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार के चलते पद से हटाने का निर्णय लिया गया।



सामान्य प्रशासन समिति ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना समिति की अनुमोदन के अब किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा। सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि यह व्यवस्था जनपद की पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए आवश्यक है। जनपद सदस्य दुष्यंत जंघेंल ने बताया कि सीईओ के द्वारा लगातार बिना सभा के अनुमोदन के करोड़ों रुपये के भुगतान सुशासन तिहार और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नाम पर कर दिया गया है, जिसके लिए जांच समिति के गठन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। समिति की बैठक के दौरान सीईओ रवि कुमार मेडिकल अवकाश पर थे, उनके स्थान पर एडीईओ गोपाल गिरी ने बैठक में भाग लिया। दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई सामान्य सभा की बैठक का माहौल शुरुआत से ही गरम रहा। सीईओ की गैरमौजूदगी और सूचना प्रणाली में पारदर्शिता की कमी पर कांग्रेस के सदस्य नाराज हो गए, उनका कहना था कि उन्हें केवल ऑनलाइन सूचना भेजी गई, जबकि ऑफ लाइन आमंत्रण और विभागीय ब्रोशर नहीं मिले। इससे बैठक की गंभीरता पर सवाल उठाया गया।

बैठक में जब सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति की समीक्षा की, तो पाया गया कि अधिकांश विभागों के अधिकारी अनुपस्थित थे। इससे नाराज होकर जनपद सदस्य रमेश साहू सहित अन्य सदस्यों ने अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया। बैठक में यह भी तय किया गया कि पहली बार अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा, वहीं बैठक में लगातार दूसरी बार अनुपस्थित रहने वाले विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने उच्च अधिकारी को पत्राचार करने प्रस्ताव पारित किया गया।

जनपद पंचायत छुईखदान की सामान्य प्रशासन समिति के सदस्य डोमार सिंह भेड़िया ने बताया कि जनपद में लगातार सामने आ रहे भ्रष्टाचार और सीईओ व ऑपरेटरों की मनमानी के चलते समिति को सख्त कदम उठाने पड़े। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की राशि के गबन, एकल हस्ताक्षर से अनियमित भुगतान और जनप्रतिनिधियों को दरकिनार करने जैसे गंभीर मामलों के खुलासे के बाद सीईओ के निलंबन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

डोमार ने आगे बताया कि सामान्य सभा की बैठक के दौरान अधिकतर विभागों के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे बैठक की प्रक्रिया बाधित हुई। अधिकारियों की गैरहाजिरी पर नाराजगी जताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और सामूहिक सहमति से बैठक को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने जानकारी दी कि सामान्य सभा की अगली बैठक 2 जुलाई को आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इस संबंध में जनपद पंचायत छुईखदान के एडीईओ गोपाल गिरी का कहना है कि मैं फिलहाल बाहर हूं बाद में जानकारी दूंगा।

# जेल में योगा, कैदियों को कराया जाएगा नियमित अभ्यास

डोंगरगढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर,योग गुरु गोपाल महोबिया एवं साथी योग गुरु बनवारी लाल अग्रवाल द्वारा स्थानीय उप जेल डोंगरगढ़ में सजा काट रहे कैदियों को योग का अभ्यास कराया। उप जेल प्रभारी के निवेदन पर योग गुरु श्री महोबिया ने सप्ताह में एक दिन नियमित योग का अभ्यास कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित कैदियों ने योग का अभ्यास कर नियमित योग करने का आश्वासन दिया।



**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग गुरु गोपाल महोबिया ने कराया अभ्यास**

जीवन में योग के महत्व के बारे में श्री महोबिया ने बताया कि योग एक ऐसी क्रिया है, जो न सिर्फ मनुष्य को शरीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रखने में उसकी मदद करती है, बल्कि आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करती है। योग कर कोई भी व्यक्ति पूर्ण रुप से निरोगी रह सकता है एवं सफल, स्वस्थ और शांतिपूर्ण तरीके से अपने जीवन का निर्वहन कर सकता है। नियमित योग करने के कई फायदे हैं। इसलिए अब विश्व भर में योग को खास महत्व दिया जा रहा है। बड़े गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

# पहला कॉलम...

## दिग्विजय महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आडिटोरियम में महाविद्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों, एनसीसी, एनएसएस, योग विभाग, खेल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा योग कर मनाया गया। योग कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः 7 बजे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बख्शी द्वारा किया गया। उन्होंने योग और जीवन पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि योग हमें केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रखता अपितु मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करता है। अतः हमें प्रतिदिन योग को जीवनचर्चा के रूप में अपनाना चाहिए। कु. मोनिका साहू द्वारा ताड़ासन, तिर्यक ताडासन, भुजंगासन तथा सूर्य नमस्कार आदि आसन करवाया गया। इस योग कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी अरुण चौधरी तथा योग प्रशिक्षक संतराम वर्मा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थीयों ने भाग लिया।

## बोरी स्कूल में संयुक्त रुप से मनाया गया योग दिवस



**एक पेड़ मां के नाम पर किया गया पौधरोपण**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के निकटस्थ ग्राम बोरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। जिसमें प्राथमिक व माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। इस दौरान प्राचार्या श्रीमती अनिता सहारे द्वारा एक पेंड मां के नाम के तहत स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच जीवन लाल साहू, पंचायत के सदस्य रतनलाल देवांगन, सचिव छन्नूलाल पटेल, समाजसेवी एवं भाजपा नेता लालाराम देवांगन, पूर्व सरपंच श्रीमती हेमपुष्पा देवांगन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी के प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर भरने, व्यायाम शिक्षक उमेश दास वैष्णव, व्याख्याता कायरकर मैडम एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती सहारे द्वारा योग के नियमों एवं योग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया।

## मनेरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संकुल स्तरीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



डोंगरगांव (दावा)। संकुल प्राचार्य एआर साहू एवं संकुल समन्वयक नीलमणी साहू के नेतृत्व में शानदार योग दिवस मे योग किया गया। संकुल प्रार्चाय एआर साहू व संकुल समन्वयक नीलमनी साहू, भंवर लाल देवांगन, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीमती पूनम जोशी, प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय सरपंच भीषण साहू ग्राम पंचायत मनेरी, इसके अतिरिक्त मोनिका चंद्राकर, श्याम निकाजू, मनराखन देवांगन, विकाश कुंजाम, मेश्राम जी, पूनम द्विवेदी, सरोज पाटिल, जागृत साहू, विनोद शर्मा, खेमलता खरे, भुनेश्वरी कोर्राम, सरस्वती सिन्हा, सुमन यादव, नीता साहू, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक प्राथमिक विद्यालयों से करीब 150 छात्रों के साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने योग किया एवं स्वास्थ लाभ लिया। संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मेनरी, शास. उ.मा. शाला मनेरी, पूर्व मा. शाला मनेरी एवं प्राथमिक शाला मनेरी के स्वीपर, रसोइयों की उपस्थिति रही। उक्ताशय की जानकारी संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने दी।

# पालक बच्चों के पढ़ाई के प्रति सजग रहे - संजय सिन्हा

कल्लूबंजारी (दावा)। छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्लूबंजारी के सहभागिता से शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कल्लूबंजारी के संयुक्त तत्वावधान में 19 जून को प्राथ. माध्य. शाला प्रांगण कल्लूबंजारी में शाला प्रवेशोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति बिरमबाई मंडावी ने किया। विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जनपद सदस्य त्रय उभेराम मंडावी, भानबाई मंडावी एवं सुनीता सेवता, सरपंच चित्रा कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामकुमार मंडावी, उप सरपंच सुशील कुमार कंवर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बालकिशन साहू एवं रामेश्वरी मंडावी, पूर्व सरपंच डोमेन कुमार पटेल, ग्राम पटेल राजकुमार पटेल, पूर्व जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि विष्णु कोर्राम, बाबूलाल पटेल एवं दिलहरण पटेल रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना एवं राजगीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से बच्चों को नये शाला के शैक्षणिक वातावरण से अवगत कराकर बच्चों की शत-प्रतिशत दाखिला सुनिश्चित की जाती है। पालकों को अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए तथा पूरी तैयारी के साथ नियमित रूप से विद्यालय भेजना चाहिए। श्री सिन्हा ने हायर सेकेंडरी स्कूल हेतु अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया। जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने कहा कि बच्चों को सत्र के प्रारंभ से मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए। प्राथमिकता के आधार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे।

**कल्लूबंजारी में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनी**

सभा को सभापति बिरमबाई मंडावी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामकुमार मंडावी एवं सरपंच चित्रा कोर्राम ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया। तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर बच्चों का सम्मान किया गया तथा खीर-पुड़ी खिलाकर मुंह मीठा किया गया। इस अवसर पर कु. उरांसी, चांदनी, नीलिमा, टुविंटल एवं सहेलियों ने स्वागत गीत सहित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम एवं आभार प्रदर्शन दिनेश कुमार कुरेटी ने किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानपाठक यूएस मंडावी, व्याख्याता राहुल खोब्रागढ़े, शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते, प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक गीता कन्नौजे, सहायक शिक्षकगण चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, चंद्रशेखर उइके आदि सहित समस्त पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में सफलतापूर्वक किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव के निर्देशानुसार 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन व्यवहार न्यायलय परिसर डोंगरगढ़ में सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश डोंगरगढ़ श्रीमती प्रतिभा वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डोंगरगढ़, श्रीमती दीप्ति लकरा एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डोंगरगढ़, शैलेष कुमार वशिष्ठ , समस्त अधिवक्तागण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक के द्वारा अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग का अभ्यास कराते हुये। प्रतिदिन सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम करने हेतु सभी को आग्रह करते हुये कहा गया कि यह व्यायाम एवं प्राणायाम प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन करना चाहिये। इस अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वस्थ रहने हेतु प्रतिदिन नियमित रूप से योगा करने का हेतु सलाह दिया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार उपस्थित रहे।

# स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा योग दिवस मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



संस्था की शिक्षिका श्रीमती चित्रा साहू द्वारा योग की महत्ता योग के प्रकार एवं योग करने की विधि के बारे में बताया गया तत्पश्चात योग प्रारंभ किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के योग की मुद्राएं जैसे वायु मुद्रा, ज्ञान मुद्रा, प्राण मुद्रा, अपान मुद्रा, अंजलि आदि मुद्राएं विभिन्न प्राणायाम अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, कपालभारती एवं सूर्य नमस्कार किया गया जो कि आज की जीवन शैली के लिए बहुत आवश्यक है। इसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी हिमांशु, अनूप, शारीफ, फारिज़, आदित्य, रौनक, रागिनी, ऐश्वर्या, आयुषी, निराली उपस्थित थे। जिन्होंने योग का आनंद उठाया एवं योग करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों अनूप, हिमांशु, रौनक, फारिज़, शारीफ, आदित्य, रागिनी, ऐश्वर्या, आयुषी, निराली के साथ-साथ संस्था की प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर, वंदना शर्मा, क्षमा तिवारी एवं चित्रा साहू द्वारा भी योग किया गया और प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह द्वारा भी शुभकामनाएं दी गई।

संस्था के प्राचार्य गोपाल साहू द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग के महत्व को बताया गया एवं इसे दैनिक जीवन में शामिल करने हेतु कहा गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव द्वारा बच्चों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को योगाभ्यास करके मनाया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योगाभ्यास करके मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव और प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद के पूजा अर्चना द्वारा आरंभ हुआ। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सौरभ फुले और डीगेश साहू के मार्गदर्शन में योगाभ्यास करवाया गया। योग गुरु द्वारा बताया गया कि आजकल के व्यस्त दिनचर्या में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए और मन की शांति के लिए योगाभ्यास नितांत जरूरी है। योग अभ्यास के अंतर्गत विभिन्न आसन जैसे वृक्षासन, वज्रासन, ताड़ासन हलासन धनुरासन, पद हस्त आसान आदि एवं विभिन्न प्राणायाम जैसे भ्रामरी भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम आदि करवाया गया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं आचार्य दीदियों ने भी पूर्ण मनोयोग से योगाभ्यास किया।



**योग को अपने जीवनचर्या में शामिल करते हुए प्रतिदिन योग करे - प्राचार्य प्रकाश यादव**

प्राचार्य प्रकाश यादव ने योग को अपने जीवनचर्या में शामिल करते हुए प्रतिदिन योग करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जो करेगा योग वह रहेगा निरोग, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद ने योग को लाभदायक बताया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। इस दौरान वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, शुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, श्रीमती सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि मौजूद रहे।

# खैरझिटी के केतन व पुराण सिन्हा को दी आर्थिक सहायता राशि

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव ग्राम खैरझिटी के एक गरीब परिवार हुमन राकेश जिसका 23 वर्षीय पुत्र केतन राकेश जो बचपन से ही आंख से देख नहीं प रहा था। गरीब परिवार से होने के कारण इलाज नहीं करा पाए। केतन के पिता मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते है। जिससे इलाज कराना संभव नहीं हो पाया।



चुनाव के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर की नजर उस युवक पर पड़ी और उसके घर जाकर परिवार से मिलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान भाजपा नेता श्यामकर को बताया की केतन को बचपन से ही दिखाई नहीं देता है। जिससे हम सब बहुत परेशान रहते है। घर मं एक व्यक्ति काम करने वाला है। जिससे परिवार चलता है। उस दौरान राजेश श्यामकर ने परिवार की मदद व इलाज करवाने आश्वासन दिया था।

**आंख से नहीं देखने वाले केतन के खिले चेहरे**

जननेता राजेश श्यामकर ने यह घटना की जानकारी तत्काल विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दी और पांच हजार रूपये की आर्थिक राशि प्रदान किया और आज बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कहने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर को खैरझिटी जाकर परिवारजनों से भेंटकर केतन को 5000 हजार की आर्थिक राशि का चेक प्रदान किया और कहा आगे भी हर संभव केतन व परिवार की मदद की जाएगी। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से बात कर इलाज करवाने की बात कही गई। इस दौरान तिलेश्वर सिन्हा, हेमंत मेश्राम, संतोष राजपूत, पुराण सिन्हा सहित परिवारजन उपस्थित थे।

**आज तक राजेश श्यामकर जैसा जननेता नहीं देखा - प्रतिमा**

केतन राकेश के माँ श्रीमती प्रतिमा राकेश न कहा की आज तक क्षेत्र के कोई नेता परिवार की सुध लेने नहीं आए। आए होते तो आज सबके सहयोग व आशीर्वाद से मेरा बेटा आंख से दुनिया देख पाती। ये पहला जननेता देखा जो मेरे बेटे पर उनकी नजर पड़ी और मदद करने आगे आया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर आज घर पहुंचकर पांच हजार का चेक दिए और आगे इलाज करवाने ऊपर बात करेंगे। केतन व उनके परिवारजनों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व राजेश श्यामकर का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजनांदगांव की अंशिका त्रिपाठी ने सीनियर कत्थक एकल नृत्य प्रतियोगिता में मारी बाजी

राजनांदगांव (दावा)। कला-संस्कृति की समृद्ध नगरी राजनांदगांव की होनहार बेटी अंशिका त्रिपाठी ने एक बार फिर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग स्थित गोरख रंगमंच, भानु भवन में 30 मई से 2 जून तक आयोजित अखिल भारतीय नृत्य एवं कला प्रतियोगिता में उन्होंने सीनियर कत्थक एकल नृत्य वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। अध्य डांस एकेडमी की प्रशिक्षु अंशिका ने गुरू स्वाति मैडम के मार्गदर्शन में नृत्य की बारीकियों को आत्मसात कर यह उपलब्धि हासिल की है। अंशिका की इस सफलता से जिले में खुशी की लहर है और कला प्रेमियों में गर्व का भाव।

अंशिका त्रिपाठी, श्रीमती उषा एवं रामप्रकाश त्रिपाठी की सुपुत्री हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर परिजन श्वेता उपाध्याय ने हर्ष जताते हुए कहा कि बेटी अंशिका ने पूरे परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्रतियोगिता में अंशिका के अलावा अन्य छत्तीसगढ़ी कलाकारों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में प्रदेश का परचम लहराया, लेकिन अंशिका का पहला स्थान जिले के लिए खास उपलब्धि बन गया है। शहरवासियों, गुरुजनों और शुभचिंतकों ने अंशिका को ढेरों बधाइयां देते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि अन्य नवोदित कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। राजनांदगांव की कला भूमि से निकली अंशिका ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से किसी भी मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन



## योग तन एवं मन को स्वस्थ रखने हुए आनंदित जीवन जीने के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास - गजेन्द्र यादव

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अभूतपूर्व उमंग एवं उल्लास के माहौल में योग संगम एवं हरित योग तथा एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज सुबह दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। जिला स्तरीय आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव शामिल हुए। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त महाअधिवेशन से विश्व में योग के लिए आव्हान किया। आज विश्व के 170 देशों में योग लागू किया गया है। योग भारत के सनातन एवं प्राचीन संस्कृति की अमूल्य देन है। यह तन एवं मन को स्वस्थ रखते हुए आनंदित जीवन जीने के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरोगी एवं स्वस्थ रहने के लिए आव्हान किया। उन्होंने कहा कि योग करने से आयु बढ़ती है। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य, मानवता एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए भारतीय परंपरा में वसुधैव कुटुम्बकम् को अपनाया गया है और धरती व पर्यावरण एक है, ऐसा माना गया है। मनुष्य तभी सुखी रह सकता है, जब तन-मन सुखी रहता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से प्रकृति संतुलित रहे, इसलिए एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य का आव्हान किया गया है। उन्होंने सभी से कहा कि योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करें। हम सब मिलकर योग के लिए कार्य करेंगे, जिसका लाभ स्वास्थ्य के लिए सभी को मिलेगा। इस अवसर पर सभी ने योग को अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने दिग्विजय स्टेडियम परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया।

इस अवसर पर मकरासन, सेतुबंध आसन, पवनमुक्तासन किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि ज्ञानमुद्रा से जोड़ों का दर्द दूर होता है। कपालभाति प्राणायाम मास्टर प्राणायाम है, जिससे 99 प्रतिशत बीमारियां दूर होती है। कपालभाति प्राणायाम से शरीर की प्रत्येक कोशिका में ऑक्सीजन की आपूर्ति होती है। इस आसन से तनाव दूर होता है तथा स्वस्थ होने की अनुभूति होती है। योग करने से शरीर की नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इससे शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां दूर होती हैं। मास्टर प्राणायाम अनुलोम-विलोम प्राणायाम से शरीर में शक्ति जाग्रत होती है और विभिन्न तरह की व्याधियां दूर होती हैं। इसके साथ ही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। इस प्राणायाम से एकाग्रता एवं जीवन शक्ति बढ़ती है तथा तनाव कम होता है। शिथलीकरण प्राणायाम से मस्तिष्क को शीतलता मिलती है तथा इससे रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

आयुष विभाग राजनांदगांव की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों को रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा का वितरण किया गया। इस दौरान अंकुरित मूंग, चना, मूंगफल्ली एवं केला का नाश्ता दिया गया। कार्यक्रम में पतंजलि, उदयाचल एवं अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल नीलू शर्मा, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पूर्व विधायक रामजी भारती, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में बच्चे, खिलाड़ी, नागरिकगण उपस्थित थे।

### योगाभ्यास की विभिन्न विशेषताओं से नागरिकों को कराया गया परिचित

ओम की मंगल ध्वनि के साथ योग सत्र, योग संगम प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग-प्राणायाम ध्यान की त्रिवेणी है। योग प्रशिक्षक ने बताया कि योग शरीर को तथा प्राणायाम मन एवं बुद्धि को मजबूत बनाते हैं। योग अंतर्गत शिथलीकरण की प्रक्रिया, कड़ी संचालन, गर्दन के लिए योगाभ्यास सिखाया गया। जो सर्वाइकल स्पांडिलाइटिस की बीमारी के लिए फायदेमंद है। नागरिकों को वृक्षासन कराया गया। वृक्षासन मानसिक तनाव दूर करने में उपयोगी है। वृक्षासन से शरीर का संतुलन बना रहता है। वृक्ष की तरह प्रणाम की मुद्रा में आसन करना होता है। त्रिकोणासन कराया गया। साथ ही यह जानकारी दी गई की यह मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। भद्रासन से पैरों की मांसपेशियां तथा घुटने मजबूत बनते हैं। वज्रासन से पेट की तकलीफ, मानसिक तनाव दूर होता है। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि वज्रासन स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए कार्य करता है। वक्रासन डायबिटीज की बीमारी के लिए उपयोगी है।

# वनवासियों के पैरों को चोट से बचाने चरण पादुका योजना उपयोगी - डॉ. रमन सिंह



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का किया वितरण

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने अपने निवास कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से गरीब एवं जरूरतमंद वर्गो के मेहनतकश लोगों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। उन्होंने कहा कि वनवासियों द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य पूरे छत्तीसगढ़ में होता है। वनवासियों के पैरों में कंकड़-पत्थर और कांटे न चुभे, उनके पैरों को चोट से बचाने और उनका जीवन स्वस्थ रखने के लिए चरण पादुका योजना शुरू की गई है। वनवासियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेन्दूपत्ता के लिए 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा में वृद्धि कर 5 हजार 500 रूपए प्रति मानक बोरा किया है। इससे आर्थिक रूप से वनवासियों और वनवासी समितियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में 18 हजार 332 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 10 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे छत्तीसगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी शुरू किया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए वृक्ष की आवश्यकता है। प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले में लक्ष्य निर्धारित कर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाएगा।

वनमंडलाधिकार आयुष जैन ने कहा कि जिले में 18 प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति है। जिनके द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया जाता है। जिसमें से 19 हजार 645 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण किया गया है। वर्ष 2025 में 18 हजार 332 संग्राहकों को 10 करोड़ 70 लाख रूपए का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिपं सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।



-: बग्गा ट्रेवल्र्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

# कोरोना से संक्रमित मरीज की पुष्टि होने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

### डोर-टू-डोर नागरिकों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी ली जा रही जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव शहर के लखोली वार्ड में कोरोना से संक्रमित मरीज की पुष्टि होने पर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लखोली वार्ड में डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली जा रही है। साथ ही सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों का सेम्पल भी लिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. बीएल तुलावी, डॉ. सतीश मेश्राम, अखिलेश नारायण, कौशल शर्मा, सुश्री रेणुका बत्रा, सुश्री चन्द्रमणि चंदेल शामिल थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com